mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-04 अंक-159 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना

09 जून 2024 रविवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित



चोटिल होने से...

## संक्षिप्त समाचार

### मणिपुर में फिर हिंसा, घर छोड़कर भागे 200 मैतेई

जिरिबाम में कोहराम, कुछ जंगलों में छिपने को मजबूर

**इंफाल (एजेंसी)।** मणिपुर के जिरिबाम जिले में गुरुवार शाम को मैतेई बुजुर्ग की हत्या के विरोध में इलाके में हिंसा भड़क गई है। मृतक की पहचान 59 साल के सोइबाम सरतकुमार सिंह के तौर पर हुई है। वह गुरुवार सुबह अपने खेत के लिए निकले थे, बाद में उनकी डेडबॉडी मिली जिस पर किसी धारदार हथियार से घाव किए गए थे। इस घटना के बाद गुस्साए गांववालों ने जिरिबाम पुलिस स्टेशन के सामने विरोध प्रदर्शन किया और कहा कि चुनाव से पहले उनसे जो




लाइसेंस वाले हथियार लिए गए थे, वे उन्हें लौटा दिए जाएं। जिले में कर्फ्यू लगा दिया गया है। मणिपुर पुलिस ने इंफाल में मौजूद स्टेट पुलिस कमांडो अधिकारियों को शनिवार को जिरिबाम पहुंचने का निर्देश दिया है। हिंसा के चलते 200 से ज्यादा मैतेई लोगों को घरों से निकाल कर सुरक्षित जगहों पर भेजा गया है। कई गांव वाले अब जिरि स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में रह रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक गांव वाले घरों को उग्रवादियों ने जला दिया था।

### चंद्रबाबू परिवार की संपत्ति 5 दिन में 858 करोड़ बढ़ी

- 35.71 फीसदी हिस्सेदारी वाले हेरिटेज फूड्स के शेयर 55 फीसदी चढ़े

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चंद्रबाबू नायडू परिवार की संपत्ति पिछले 5 दिनों में ही 858 करोड़ रुपए बढ़ी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार हेरिटेज फूड्स के शेयरों में इस दौरान 55 फीसदी का उछाल आने से ऐसा हुआ है। हेरिटेज फूड्स के प्रमोटर पार्टी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू के बेटे नोरा लोकेश हैं। चंद्रबाबू नायडू 12 जून को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। हेरिटेज ग्रुप की स्थापना 1992 में चंद्रबाबू नायडू ने की



थी। यह कंपनी डेयरी, रिटेल और एग्री सेगमेंट में काम करती है। हाल ही में हुए आंध्र प्रदेश विधानसभा और लोकसभा चुनावों में तेलुगु देशम पार्टी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू का शानदार प्रदर्शन रहा है। इससे उनकी कंपनी पर निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। चंद्रबाबू नायडू की पत्नी भुवनेश्वरी के पास कंपनी में 24.37 फीसदी हिस्सेदारी है। जबकि बेटे लोकेश और बहू ब्राह्मणी के पास 10.82 फीसदी और 0.46 फीसदी हिस्सेदारी है। नायडू के पोते देवांश के पास इसमें 0.06 फीसदी हिस्सेदारी है।

# तीसरी बार पीएम पद की शपथ लेंगे नरेन्द्र मोदी, समारोह आज

**सुरक्षा में पैरामिलिट्री की 5 कंपनियां तैनात, 500 सीसीटीवी से निगरानी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नरेंद्र मोदी 9 जून 2024 की शाम 7.15 बजे लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। मोदी के साथ एनडीए के 14 सहयोगी दलों के 18 सांसद भी मंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। इनमें 7 कैबिनेट और बाकी 11 स्वतंत्र प्रभार और राज्यमंत्री के रूप में शपथ ले सकते हैं। हालांकि, इसकी आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। माना जा रहा है 3 दर्जन से अधिक सांसद मंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। टीडीपी और जेडीयू से 2-2 और शिवसेना से एक कैबिनेट मंत्री बन सकते हैं। सूत्रों का कहना है कि इसके अलावा एनसीपी, एलजेपी और जेडीएस के कोटे से कैबिनेट मंत्री शपथ ले सकते हैं। जेडीयू नेता केसी त्यागी ने दावा किया कि, नीतिश कुमार को इंडिया ब्लॉक से पीएम बनाने का ऑफर मिला था। मगर उन्होंने ठुकरा दिया क्योंकि अब पीछे देखने का सवाल ही नहीं है। उधर अमित शाह और जेपी नड्डा मोदी आवास पहुंचे। यहां मंत्रिमंडल को लेकर चर्चा हो सकती है। टीडीपी के एक सांसद ने बताया कि किस दल से कितने मंत्री बनाए जाएंगे, इसका फॉर्मूला पहले ही तय किया जा चुका है। इसको लेकर सार्वजनिक रूप से किसी तरह की चर्चा



करने की कोई जरूरत नहीं है। सभी इस बात पर सहमत हैं कि पीएम जिसे जो जिम्मेदारी देंगे, वे उसे निभाएंगे। जेडीयू सांसद लवली आनंद ने रेलवे मंत्रालय के सवाल पर कहा, बिल्कुल (जदयू को) मिलना चाहिए। पहले भी ऐसा ही था।

## सीडब्ल्यूसी की बैठक में राहुल की जय जयकार

- लोकसभा में नेता विपक्ष बनाने की मांग, प्रस्ताव भी पास

नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव के नतीजों से कांग्रेस पार्टी उत्साहित है। नतीजों के चार दिन बाद ही दिल्ली के अशोका होटल में कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने की। मीटिंग में राहुल गांधी को विपक्ष का नेता



बनाने की मांग की गई है। इसके लिए प्रस्ताव भी पास किया गया है। हालांकि राहुल गांधी ने इस प्रस्ताव पर सोच विचार के लिए समय मांगा है। वहीं बैठक में मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि जहां जहां से राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा गुजरी, वहां-वहां पार्टी की सीटें बढ़ी है। कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में राहुल गांधी, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी समेत कांग्रेस के कई बड़े नेता शामिल हुए।

## महाराष्ट्र में मनोज जारंगे फिर से आमरण अनशन पर बैठ

- बोले-इस बार मराठा आरक्षण नहीं मिला तो विधानसभा चुनाव लड़ूंगा




मुंबई (एजेंसी)। मराठा आरक्षण की मांग का मुद्दा एक बार फिर उठ गया है। मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जरांगे फिर से आमरण अनशन पर बैठ गए हैं। उनका कहना है कि अगर इस बार मराठा आरक्षण नहीं मिला तो वे महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा, अगर हमारी मांगे पूरी नहीं हुई तो हम आने वाले विधानसभा चुनाव में सभी 288 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेंगे। इसमें सभी जाति और धर्म के उम्मीदवार शामिल होंगे। तो इसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी। उसके बाद, सरकार के पास बात करने के लिए कोई जगह नहीं होगी। मनोज जरांगे पाटिल जालना के अंतरवाली सैराट गांव में आमरण अनशन पर बैठे हैं। हालांकि, पुलिस ने उन्हें अनशन की इजाजत नहीं दी है। लोकसभा चुनाव से पहले भी दो बार (20-27 जनवरी और 10-26 फरवरी) मनोज जारंगे ने भूख हड़ताल की थी। तब महाराष्ट्र सरकार ने कुछ शर्तें मानकर अनशन खत्म करवा दिया था। अब तक 54 लाख लोगों के कुनबी होने का प्रमाण मिला है। उन सभी लोगों को कुनबी का कास्ट सर्टिफिकेट दिया जाएगा। जरांगे ने सरकार से 4 दिनों के भीतर सर्टिफिकेट देने की मांग की थी।

# महाराष्ट्र में बारिश-बिजली से एक हफ्ते में 8 की मौत

**राजस्थान में तूफान से 4 की जान गई, आज भी रतार से चलेंगी हवाएं**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के दक्षिणी राज्यों को कवर करने के बाद महाराष्ट्र में शुक्रवार (7



जून) को मानसून की एंट्री हुई। इसके 9 से 10 जून के बीच मुंबई पहुंचने की संभावना है। मौसम विभाग ने शनिवार (8 जून) को महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक और केरल के तटीय इलाकों में भारी बारिश की चेतावनी दी है। गोवा में अगले चार दिन तक मछुआरों को समुद्र में न जाने की चेतावनी दी गई है। केरल के कालीकट एयरपोर्ट पर खराब मौसम के कारण शनिवार सुबह दुबई से आ रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की एक फ्लाइट को कोच्चि डायवर्ट कर दिया गया। एयरलाइन सूत्रों ने बताया कि 173 यात्रियों के साथ एआई एक्सप्रेस की फ्लाइट सुबह 2.47 बजे कोच्चि एयरपोर्ट पर उतरी। करीब सात घंटे बाद सुबह करीब 9.30 बजे फ्लाइट कोच्चि से कालीकट रवाना हुई। महाराष्ट्र के मराठवाड़ा में पिछले एक हफ्ते से बारिश के कारण आई बाढ़ और बिजली गिरने से 8 लोगों की मौत हो गई है। इनमें से 6 की मौत बिजली गिरने से हुई है। मराठवाड़ा में 113 जानवरों की मौत की भी सूचना है।

## जम्मू-कश्मीर में जल्द होंगे विधानसभा चुनाव

- ईसी ने दिए संकेत, पार्टी सिंबल के लिए मांगे गए आवेदन

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर में जल्द विधानसभा चुनाव कराए जा सकते हैं। इलेक्शन कमीशन की ओर से इस तरह के संकेत मिले हैं। आयोग ने कहा कि उसने केंद्र शासित प्रदेश में चुनाव चिह्न के आवंटन के लिए पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त दलों से आवेदन तत्काल प्रभाव से स्वीकार करने का फैसला किया है। एक अधिकारी ने बताया कि इस बारे में चुनाव चिह्न (सुरक्षित अधिकार व आवंटन) आदेश, 1968 के पैरा 10 बी में जिक्र है। इसके तहत कोई भी रजिस्टर्ड गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल सदन का कार्यकाल समाप्त होने से 6 महीने पहले चुनाव चिह्न के लिए आवेदन कर सकता है। अधिकारी ने बताया कि जम्मू-कश्मीर में फिलहाल विधानसभा भंग है। इसलिए निर्वाचन आयोग ने एक बयान जारी कर चुनाव चिह्नों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। उन्होंने कहा कि मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय दलों के पास अपने आरक्षित चिह्न होते हैं।

## अब दिल्ली की राजनीति करेंगे अखिलेश यादव

- 36 सांसदों से मीटिंग के बाद किया ऐलान

**विधानसभा सीट छोड़ने की शुरू की तैयारी**

**लखनऊ (एजेंसी)।** कन्नौज से सांसद का चुनाव जीतने के बाद अखिलेश यादव ने अपनी विधानसभा करहल को छोड़ने का निर्णय लिया है। इसकी घोषणा उन्होंने सांसदों से मीटिंग के बाद शनिवार को लखनऊ में की। यानी, अब अखिलेश दिल्ली की राजनीति करेंगे। अखिलेश ने 2022 में मैनपुरी की करहल



विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा था। जीत के बाद आजमगढ़ के सांसद पद से उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। आजमगढ़ में उपचुनाव हुए, उसमें भाजपा के दिनेश लाल यादव निरहुआ ने जीत दर्ज की थी। अखिलेश ने सपा के सभी जीते हुए सांसदों को शनिवार को लखनऊ बुलाया। इसमें अखिलेश समेत 37 सांसद शामिल हुए। मीटिंग में मंथन के बाद उन्होंने विधानसभा सीट छोड़ने का ऐलान किया। अखिलेश ने कहा- पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) की रणनीति की जीत होने से देश में नकारात्मक राजनीति खत्म हो गई।

# पुतिन की सीक्रेट बेटियां अचानक आ गई सामने

**पिता की राजनीतिक विरासत पर नजर, 9 साल का भाई भी दौड़ में**

**मॉस्को (एजेंसी)।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के परिवार को सार्वजनिक तौर पर बहुत कम देखा जाता है। उनकी दोनों बेटियों के बारे में भी लोग बहुत कम जानते हैं। इसीलिए उनको पुतिन की सीक्रेट बेटी भी कहा जाता है लेकिन अब चीजें बदल रही हैं। जनता की निगाहों से दूर रहने वाली पुतिन की बेटियां सार्वजनिक उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। व्लादिमीर पुतिन की दोनों बेटियों को हाल ही में रूस के अभिजात वर्ग के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच पर देखा गया। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि यह पुतिन के बाद उनकी राजनीतिक विरासत को आसानी से ट्रांसफर की कोशिश है। द सन की



रिपोर्ट के मुताबिक, पुतिन की 37 साल की बेटी कतेरीना तिखोनोवा हाल ही में एक सार्वजनिक मंच पर थीं। उनकी बड़ी बहन मारिया वोरोत्सोवा भी इस कार्यक्रम में मौजूद थीं। पुतिन की बेटियों के सार्वजनिक रूप से सामने आने के बाद माना जा रहा है कि यह समाज में परिवार की जगह पक्की करने की एक भव्य योजना का हिस्सा हो सकता है। पुतिन की बेटी मारिया वोरोत्सोवा और कतेरीना तिखोनोवा उनकी पहली पत्नी ल्यूडमिला शक्रेबनेवा से हैं। दोनों का 2013 में तलाक हो गया था। अपने लंबे राजनीतिक करियर के दौरान पुतिन ने हमेशा अपने बच्चों को सुर्खियों से दूर रखा है। पुतिन की बेटी कतेरीना और मारिया गुरुवार और शुक्रवार को वे सेंट पीटर्सबर्ग इंटरनेशनल इकोनॉमिक फोरम (एसपीआईईएफ) में वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन में पैनल में शामिल हुई। इस कार्यक्रम को व्लादिमीर पुतिन ने भी संबोधित किया। पेशे से टेक्नॉलजी एक्जेक्यूटिव कतेरीना तिखोनोवा ने एक पैनल में रक्षा उद्योग द्वारा रूस की तकनीकी संप्रभुता को बढ़ावा देने पर अपनी बात भी रखी। दोनों बहनें अब धीरे-धीरे लोगों की नजरों में आ रही हैं।

## लोकसभा रिजल्ट के बाद योगी की मंत्रियों संग पहली बैठक

- हर मंत्री रहा उपस्थित, लेकिन दोनों डेप्युटी सीएम रहे 'गायब'

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में शनिवार को राज्य कैबिनेट की अहम बैठक बुलाई गई। 2024 लोकसभा परिणाम के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में हुई इस बैठक में हर मंत्री उपस्थित रहा लेकिन दोनों उपमुख्यमंत्री- केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश



पाठक नदारद रहे। दोनों डेप्युटी का मीटिंग में मौजूद ना रहना चर्चा का विषय बना रहा। हालांकि इसके पीछे भी अहम वजह सामने आई है। सीएम योगी ने लोकसभा नतीजों के बाद शनिवार को पहली बार मंत्रियों के साथ बैठक की। इस बैठक में सभी मंत्री शामिल हुए पर दोनों ही डेप्युटी सीएम नहीं थे। सीएम योगी ने लोकसभा चुनाव में नतीजे ठीक नहीं आने को लेकर समीक्षा की।

# जल्द ही मोबाइल नंबर बदलने जा रही सरकार!

- 21 साल बाद लिया फैसला, फोन करने पर दिखेंगे 10 से ज्यादा नंबर



**नंबरों का आंकड़ा 10 से बढ़ाकर 11 से 13 तक किया जा सकता है**

नई दिल्ली (एजेंसी)। टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ट्राई) समय के साथ बड़े फैसले लेती रही है। अब एक और फैसला लिया गया है। 5 जी नेटवर्क आने के बाद मोबाइल नंबरिंग में लगातार परेशानी हो रही है। यही वजह है कि अब इसको लेकर एक जमीन तैयार की गई है। यही वजह है कि ट्राई ने नेशनल नंबरिंग प्लान को रिवाइस करने का फैसला किया है। इससे पहले साल 2003 में भी ऐसा ही फैसला लिया गया था। सब्सक्राइबर्स की बढ़ती संख्या की वजह से मोबाइल कंपनियों के लिए नया चैलेंज खड़ा हो गया है। सर्विस भी लगातार बढ़ रही हैं तो इसके लिए अलग से नंबरिंग लाने पर विचार किया जा रहा है। नेशनल नंबरिंग प्लान की मदद से टेलीकम्युनिकेशन आइडेंटिफायर की पहचान की जाती है और ये अहम भूमिका निभाते हैं। अब लगातार मोबाइल यूजर्स की संख्या बढ़ती जा रही है। देशभर में 750 मिलियन टेलीफोन कनेक्शन के लिए साल 2003 में नंबरिंग रिसोर्स एलोकेट किया गया था। जबकि 21 साल बाद, नंबरिंग रिसोर्स रिस्क के दायरे में आ गया है। क्योंकि नेटवर्क प्रोवाइडर्स की तरफ से सर्विस में भी लगातार बदलाव किया गजा रहा है और इसकी वजह से नंबर ऑफ कनेक्शन की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। भारत में टेलीफोन सब्सक्राइबर्स की संख्या भी लगातार बदलती जा रही है और 31 मार्च तक ये करीब 85 प्रतिशत तक बढ़ गई है। ट्राई ने इसको लेकर अपनी वेबसाइट को भी अपडेट कर दिया है और सभी से इसको लेकर सलाह मांगी है। क्योंकि लंबे समय बाद नेशनल नंबरिंग प्लान में बदलाव किया जा रहा है। लिखित में भी इस पर सलाह दी जा सकती है। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अब मोबाइल नंबर की संख्या 10 से बढ़ा दी जा सकती है। इसे 11 से लेकर 13 नंबर तक किया जा सकता है जो यूजर्स की पहचान करने में अहम मदद कर सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### चिकित्सा अधिकारी सिविल अस्पताल बैरागढ़ डॉ. ठाकुर निलंबित

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** चिकित्सा अधिकारी सिविल अस्पताल बैरागढ़ डॉ. प्रवीण ठाकुर द्वारा 21 मई 2024 को अस्पताल इमरजेंसी कक्ष में डयूटी के दौरान आरोपी श्री दीपक गुजराती आत्मज श्री गोपाल गुजराती, निवासी - गोंधी नगर भोपाल के मेडिकोलीगल परीक्षण कराये जाने पर अपने कर्तव्य का पूर्ण निवर्हन नहीं करते हुये संबधित आरक्षक से बदसलूकी एवं अभद्र व्यवहार किया गया, जिसके कारण विभिन्न समाचार पत्रों में उक्त खबर के प्रकाशित होने के कारण शासन की छवि धूमिल होने पर उनके विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही के लिए प्रस्ताव इस कार्यालय को प्रेषित किया गया। कलेक्टर जिला भोपाल के प्रस्ताव अनुसार डॉ. प्रवीण ठाकुर चिकित्सा अधिकारी सिविल अस्पताल बैरागढ़ जिला भोपाल को उपरोक्त कृत्य के लिए प्रथम दृष्टया दोषी पाये जाने पर उन्हें सिविल सेवा नियम 1966 के नियम 9 (क) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाकर मुख्यालय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला भोपाल नियत किया जाता है। निलंबन अवधि में डॉ. ठाकुर को नियामनुसार जीवन निर्वाह की पात्रता होगी। उक्त आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

### भोजन का सम्मान करें एवं इसे बर्बाद होने से बचाएँ - खाद्य मंत्री श्री राजपूत

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत ने कहा है कि सुरक्षित आहार, स्वस्थ जीवन का आधार है। हम सभी को भोजन प्रकृति से प्राप्त होता है, इसलिए भोजन का सम्मान करें एवं इसे बर्बाद होने से बचाएँ। श्री राजपूत ने विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस पर भोजन उपजाने वाले अन्नदाता किसानों को नमन करते हुए देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं।

### बाढ़ आपदा प्रबंधन की बैठक संपन्न

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** एडीएम श्री भूपेंद्र गोयल की अध्यक्षता में शुक्रवार को बाढ़ आपदा प्रबंधन की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, नगर निगम, पीडब्ल्यूडी सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में आगामी वर्षा ऋतु की तैयारियों की समीक्षा की गई एवं सभी विभागों को अपनी ओर से तैयारियाँ पूर्ण करने को निर्देशित किया गया ताकि संभावित दुर्घटनाओं से बचाव किया जा सके एवं कोई जन-धन-पशु हानि जिले में ना हो। कोई दुर्घटना या क्षति होने की स्थिति में तत्काल जिला कार्यालय द्वारा स्थापित जिला आपदा नियंत्रण कक्ष नगर निगम कार्यालय फायर कंट्रोल रूम पीएचक्यू चौराहा दूरभाष क्रमांक-0755-240220,2701401,254222 में सूचित करने के निर्देश दिए गए।

### भोपाल से प्रयागराज जा रही उड़ान टेकआफ नहीं हो सकी, यात्री हुए परेशान

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** भोपाल से प्रयागराज जा रही इंडिगो की उड़ान में शनिवार को टेकआफ होते समय अचानक तकनीकी खराबी आ गई। उड़ान समय पर टेकआफ नहीं होने के कारण यात्रियों को रिफंड देने की पेशकश की गई। हालांकि शाम तक विमान में आई तकनीकी खराबी ठीक कर ली गई। प्रयागराज जाने वाली उड़ान हैदराबाद से भोपाल आने के बाद प्रयागराज रवाना होती है। शनिवार को हैदराबाद से तो समय पर विमान आ गया, लेकिन यही उड़ान जब प्रयागराज जा रही थी तो इसमें तकनीकी खराबी आ गई। उड़ान संख्या 6-ई 7926 की खराबी को तत्काल ठीक नहीं किया जा सका। प्रयागराज जा रहे कुछ यात्रियों को वाया दिल्ली जाने का विकल्प दिया गया। कुछ यात्री दिल्ली उड़ान से रवाना हुए। कुछ यात्रियों ने रिफंड ले लिया। उड़ान में कुल 65 यात्री प्रयागराज जाने वाले थे।

### शाम को दुरुस्त हुआ विमान

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** इंडिगो के इंजीनियरों ने शाम तक विमान की तकनीकी खराबी ठीक कर ली, लेकिन तब तक अधिकांश यात्री एयरपोर्ट से वापस चले गए थे। एयरपोर्ट डायरेक्टर रामजी अवस्थी के अनुसार तकनीकी कारणों से उड़ान समय पर टेकआफ नहीं हो सकी थी। उल्लेखनीय है कि गर्मी एवं मौसम की खराबी के कारण इस माह कई बार उड़ानें लेट हुई हैं।

### भोपाल में केरल फेस्ट का रंगारंग आगाज

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** यूनाइटेड मलयाली एसोसिएशन के फेस्ट के तत्वाधान में भोपाल में तीन दिवसीय केरल फेस्ट का आयोजन बिट्टन मार्केट ग्राउंड में किया जा रहा है। फेस्ट के पहले दिन केरल की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता का आनंद लेने के लिए पूरा शहर उमड़ पड़ा। यह सांस्कृतिक उत्सव एसोसिएशन की 40वीं वर्षगांठ के मौके पर किया जा रहा है। केरल फेस्ट के प्रवेश द्वार में परंपरागत केरली घरों को दर्शाते हुए पुराने दिनों की राजधानी का दृश्य था, जबकि ड्राइवे ने केरल के जीवन और समय को प्रस्तुत किया।

# खेल में युवा प्रतिभाओं को निखारने और खेल अधोसंरचना विकास की दिशा में नवाचार हो

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने खेल में युवा प्रतिभाओं को निखारने और खेल अधोसंरचना विकास की दिशा में नवाचार करने के निर्देश अधिकारियों को समीक्षा बैठक में दिये। इस मौके पर अपर मुख्य सचिव सुश्री स्मिता भारद्वाज घाटे भी उपस्थित थीं। मंत्री श्री सारंग ने खेल विभाग के विभिन्न विषयों पर चर्चा कर आगामी कार्य-योजना संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि युवाओं को योग से भी जोड़ें और योग दिवस पर विभागीय गतिविधियाँ हों। साथ ही यूथ एक्टिविटी को प्राथमिकता दें। युवाओं को खेल मैदान तक लाने का प्रयास करें। बच्चों के लिये एक-दो माह की खेल गतिविधियाँ आवश्यक रूप से प्लान करें। इसके लिये अभियान चलायें। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि सामूहिक खेलों को बढ़ावा देने का काम करें, ताकि युवा खिलाड़ियों में टीम भावना विकसित हो। ओरिएंटेशन प्रोग्राम पर भी ध्यान दें। पीपीपी मोड पर काम करें। हर विकासखण्ड में स्टेडियम बनाने की कार्यवाही करें। खेल स्टेडियम में कोच एवं मेंटेनेंस का अभाव नहीं हो। मंत्री श्री सारंग ने नवीन प्रोत्साहन नियम, मान्यता नियम, बजट, खेल अकादमी, पुरस्कार एवं अन्य खेल गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की। इस मौके पर उप सचिव श्री संजय जैन, संचालक श्री रवि कुमार गुप्ता और संयुक्त संचालक श्री बी.एस. यादव उपस्थित थे।



## नदियों के उद्गम स्थल की मानसयात्रा पर मंत्री श्री प्रहलाद पटेल

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** जीवन के लिए जल जरूरी है और जल संरक्षण के लिए वृक्ष जरूरी है, इसलिए प्रत्येक दिवस एक वृक्ष जरुर लगाएं। जल स्त्रोतों के जल संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिए हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। संतान को जन्म से और नदियों को उद्गम से संभालने पर ही इनका भविष्य उज्जवल होगा। नदियों को उद्गम से पुनर्जीवित करने और उनके अविरल प्रवाह के लिए प्रदेश में नवाचार की शुरूआत हुई है। उक्त शब्दों के साथ जनसमुदाय को प्रेरणा देते हुए पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम विभाग मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने सागर जिले के देवरी विकासखण्ड के व्यारमा नदी के उद्गम स्थल पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत स्थानीय जनसमुदाय से चर्चा कर वृक्षारोपण किया। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान में प्रदेश में नदी, तालाबों, कुओं, बावड़ियों तथा अन्य जल स्त्रोतो के जल संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिये 16 जून तक विशेष अभियान संचालित किया जाएगा। सागर एवं दमोह जिले के लिए सुनार नदी सुख समृद्धि लाने का कार्य करती है, हमारे लिए नदी के पानी का कण-कण पूजनीय है। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि हम सभी को जल स्त्रोतों को संरक्षित एवं संवर्धन करने का कार्य करना चाहिए जिससे हम हमारी भावी पीढ़ी को जीवन जीने की कार्यशैली सिखा सकें और हमारे पशु-पक्षी भी सुरक्षित रह सकें हम सभी को वृक्ष लगाने का कार्य करना चाहिए किंतु पौधा रोपण वही करें जहां पानी हो, इससे हमारा पानी भी बचेगा और हमारे वृक्ष भी बड़े होंगे इसलिए पौधा रोपण स्थान और जगह देखकर ही करें। हम दिन- रात जिस तरीके से प्रकृति का दोहन कर रहे हैं, यह हम सबके लिए खतरनाक है। यदि हम अच्छा काम करेंगे, तो उसका लाभ हमारे बच्चों को मिलेगा। हम क्या करना चाहते हैं यह हमें तय करना पड़ेगा। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि जल स्त्रोतों के पास कौन से पौधे लगाये जायें, जो जल के स्त्रोत को प्रवाहमान बनाये रख सकें इसके लिए हमें उन पौधों की जानकारी भी हो।

## आर्थिक समृद्धि का बजट बनाने में 15 जून तक नागरिकों के सुझाव आमंत्रित

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने विकसित भारत निर्माण में मध्यप्रदेश के अधिकाधिक योगदान के लिये वर्ष 2024-25 के बजट निर्माण में नागरिकों से सुझाव आमंत्रित किए है। उन्होंने कहा कि नागरिकों के सहयोग से प्रदेश में आर्थिक गतिविधियों को विस्तार देने में मदद मिलेगी।

नागरिकों को सुझाव, मार्गदर्शन आमंत्रित किए है। सुझाव दिनांक 15 जून 2024 तक दिये जा सकते हैं। नागरिकों द्वारा पोर्टल पर, दूरभाष क्रमांक 0755-2700800, एवं वित्तीय प्रबंध सूचना प्रणाली 218-एच, द्वितीय तल, वल्लभ भवन मंत्रालय भोपाल पिन कोड - 462004 पर सुझाव दिये जा सकते हैं। सुझावों के साथ अपना नाम, शहर, जिला पिनकोड भी अंकित करने का आग्रह किया गया है। मुख्य रूप से शिक्षा, रोजगार, कृषि, उद्योग, ग्रामीण विकास, शहरी विकास, सड़क, अधोसंरचना, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, सामाजिक कल्याण, राजस्व संग्रहण, प्रशासनिक सुधार विषयों पर सुझाव आमंत्रित किये गये हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में बजट के माध्यम से प्रदेश में आर्थिक गतिविधियों के विस्तार के साथ-साथ, रोजगार के नये अवसर सृजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के समग्र विकास व आम नागरिकों के जीवन खुशहाल बनाने, विकास की गति सतत् बनाये रखने, आधारभूत सुविधाओं का विकास व सभी वर्गों के कल्याण करने के लिये बजट निर्माण एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। इसमें सभी नागरिकों की भागीदारी और उनकी महत्वाकांक्षाओं की अभिव्यक्ति होना चाहिए। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के सपनों को पूरा करने में मध्यप्रदेश महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति को ध्यान में रखते हुये प्रदेश के वर्ष 2024-25 का बजट तैयार किया जा रहा है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत भोपाल जिले में विभिन्न गतिविधियां आयोजित

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव के निर्देशानुसार प्रदेश के समस्त जिलों में 5 जून से 16 जून, 2024 तक जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत भोपाल जिले में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं, जिनमें जल स्त्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन के कार्य प्रमुख हैं। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह के निर्देशानुसार, ग्रामीण और नगरीय निकायों में जल संरक्षण, संवर्धन, स्वच्छता, और जीर्णोद्धार कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को बैरसिया के ग्राम नलखेड़ा में जनभागीदारी से तालाब का गहरीकरण कर मिट्टी निकाली



गई और ग्रामीणों द्वारा पौधारोपण भी किया गया। इसके अलावा ग्राम बगरोदा, बकानिया और बालमपुर जलाशय पर मिट्टी का कार्य और तालाब की पाल का सुदृढ़ीकरण करवाया गया। ग्राम पंचायत सुनगा में तालाब जीर्णोद्धार और गहरीकरण कार्य प्रगति पर है। विकासखंड फंदा की पंचायत अमोनी में तालाब मरम्मत, गाद निकासी और निर्माण कार्य किया गया। इसी के साथ ग्राम बंगरसिया और बरखेड़ा सालम में नाले की सफाई, कंटुर ट्रेंच निर्माण और तालाब जीर्णोद्धार का कार्य किया गया। अभियान अंतर्गत नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लिये कार्य-योजना निर्धारित की गई है। इस कार्य-योजना के तहत कलश यात्रा और श्रमदान, जल संरक्षण और संवर्धन कार्य, नवीन और जीर्णोद्धार कार्य प्रारंभ किए जाएंगे। जल संरचनाओं जैसे तालाब, चेकडैम, स्टॉपडैम के जीर्णोद्धार, मरम्मत और साफ-सफाई का कार्य जन सहयोग और श्रमदान के माध्यम से किया जाएगा। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान को सफल बनाने के लिए जन सहयोग अति महत्वपूर्ण है। ग्रामीणों और नगरीय निकायों के सक्रिय भागीदारी से यह अभियान प्रदेश में जल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

### जितना हो सके जल का संरक्षण एवं संवर्धन करें - कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री श्री जायसवाल

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दिलीप जायसवाल ने कहा है कि जल, पृथ्वी, पर्वत, नदी, पेड़-पौधों में जीवंतता है और वे हमारे लिए पूज्यनीय हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सभी लोग एकजुट होकर जितना हो सके जल का संरक्षण एवं संवर्धन अवश्य करे और अपनी भावी पीढ़ी को विशेष उपहार दें, जिससे उन्हें जल संकट का सामना न करना पड़ें। महसूस ना हो। उन्होंने कहा कि पेड़ और मनुष्य एक दूसरे के पूरक हैं। पेड़ों के बिना मनुष्य का जीवन संभव नहीं है। पेड़ हमें ऑक्सीजन देते हैं तथा बदले में हम उन्हें कार्बनडाई ऑक्साइड गैस देते हैं, जो पेड़-पौधे गृहण करते हैं। हम सभी के जीवन में पेड़-पौधों का भी विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि शहडोल संभाग में जल गंगा संवर्धन अभियान के दौरान जल-स्त्रोतों के संरक्षण और साफ-सफाई के साथ-साथ इन स्थानों पर पौधरोपण को प्रोत्साहित किया जाए। श्री जायसवाल ने शुक्रवार को जल स्त्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए चलाये जा रहे जल-गंगा संवर्धन अभियान में अनूपपुर जिले की नगर पालिका कोतमा के वार्ड नंबर-7 में पुरनिहा तालाब की स्वच्छता के लिए श्रमदान किया। श्री जायसवाल ने कहा कि जल है तो ही हमारा जीवन है। जल का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि नागरिकों के सहयोग के बिना यह अभियान संभव नहीं है। सबको आगे आकर जल संवर्धन एवं संरक्षण हेतु प्रयास करना होगा। कमिश्नर शहडोल श्री बी.एस. जामोद ने कहा है कि जल प्रकृति का दिया हुआ अद्भुत वरदान है, इसे संरक्षित करना हम सभी का परम कर्तव्य है। हम सभी जानते हैं कि जल है तो कल है, हम सभी का जीवन जल के बिना संभव नहीं है।

## जन सहयोग से हो रहा है नदियों एवं तालाबों का जीर्णोद्धार

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश में जल संरक्षण के प्रति बढ़ती हुई जन चेतना का परिदृश्य साफ़ दिखाई दे रहा है। मुरैना ज़िले से लेकर बालाघाट तक तथा अलीराजपुर ज़िले से लेकर सिंगरौली तक जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नदियों एवं तालाबों में जीर्णोद्धार, गहरीकरण और मरम्मत का कार्य सघन रूप से किया जा रहा है। समस्त जिला अधिकारियों द्वारा अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर ली गई है, जिसके तहत सभी नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रवाहित होने वाली नदियों, उनमें मिलने वाली सहायक नदियों एवं जल संरचनाओं का पुनर्जीवीकरण एवं संरक्षण का कार्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा पर्यावरण दिवस पर



शुरू किए गए जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्रदेश भर में जल-स्त्रोतों के संरक्षण और साफ-सफाई के साथ-साथ व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण किया जा रहा है। गंगा दशहरा 16 जून तक संचालित किये जा रहे इस विशेष अभियान के अंतर्गत 3 हजार 90 करोड़ लागत के जल संरक्षण के 990 कार्य प्रदेश में आरंभ होंगे। प्रत्येक जिले, विकासखंड और पंचायत स्तर पर जल संरचनाओं की मरम्मत, पर्यावरण संरक्षण और पौधरोपण के लिए जनभागीदारी से गतिविधियां संचालित की जाएंगी।

जल-स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए चलाये जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तीसरे दिन इंदौर ज़िले में जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट द्वारा झलारिया ग्राम में 32 लाख रुपए की लागत के घाट निर्माण और तालाब के सौंदर्यीकरण के कार्य के साथ इस अभियान की शुरुआत की गई। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल द्वारा नदियों के उद्गम स्थल कि मानस यात्रा कर जल संरचनाओं के संरक्षण का संदेश प्रदेश भर में दिया जा रहा है।

उज्जैन ज़िले के बड़नगर में विधायक श्री जितेन्द्र सिंह पण्ड्या ने बड़नगर की ग्राम पंचायत सलवा में स्थित पुरानी बावड़ी के सफाई कार्यक्रम में श्रमदान कल वृक्षारोपण किया। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्वालियर संभाग आयुक्त डॉ. सुदाम खाड़े सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों एवं आमजन ने मुरार नदी के जीर्णोद्धार हेतु श्रमदान किया। डिंडोरी ज़िले में जल गंगा संवर्धन अभियान अन्तर्गत आज ग्राम रमपुरी के छोटी महानदी में जन अभियान परिषद और मनरेगा के मजदूरों द्वारा साफ सफाई कर झाड़ियों की कटाई की गई।

## भोपाल पहुंचीं अभिनेत्री सिमरन आहूजा, बोलीं- कंगना को थप्पड़ मारना गलत

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** सिंधी एवं हिंदी फिल्मों की अभिनेत्री सिमरन आहूजा शनिवार को राजधानी प्रवास पर पहुंची। पत्रकारों से चर्चा करते हुए सिमरन ने कहा कि युवाओं को सिंधी भाषा और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए आगे आना चाहिए। सिमरन ने फिल्म अभिनेत्री एवं हिमाचल की मंडी सीट से नवनिर्वाचित सांसद कंगना रनौत को एक सुरक्षाकर्मी द्वारा थप्पड़ मारने की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह बहुत गलत बात है और मैं इससे दुखी हूं। थे ग्रैंड जलसा गार्डन में पत्रकारों से चर्चा करते हुए सिमरन ने कहा कि सलमान खान और प्रियंका चोपड़ा उनके पसंदीदा कलाकार है आइफा ग्रीन कारपेट में एंकर रह चुकी सिमरन कई हिंदी फिल्मों में काम कर चुकी हैं। सिमरन की सिंधी फिल्म जल्द ही रिलीज होगी। इसका नाम भी सिमरन ही है। संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) में सिमरन का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। वह थधाराम फाउंडेशन के बुलावे पर यहां पहुंची हैं। थधाराम फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेश ज्ञानचंदानी ने कहा कि सिन्धी भाषा के



प्रसार-प्रचार के लिए एक सिन्धी फिल्म सिमरन का निर्माण किया है। यह एक ऐसी लड़की की कहानी है, जो अपने महत्वाकांक्षा में इतनी डूब जाती है कि परिवार के मूल्यों को भूल जाती है। भौतिक उन्नति करने के बाद भी उसे सुख-शांति नहीं मिलती। जब वो लौटकर परिवार में आना चाहती है, तब तक देर हो चुकी होती है। तब वो कहती है कि यदि आपने किसी का दिल दुखाया है, या आपके किसी कर्म से दूसरे को तकलीफ पहुंची है तो तुरंत माफी मांग लें, क्योंकि कल हम हो या न हो।

इस फिल्म में फिल्म में विधवा विवाह को भी बेहतरीन तरीके से पेश किया गया है। समाज में बढ़ती तलाक की समस्या के प्रति भी सचेत किया गया है। समय रहते बुजुर्गों की सेवा के लिए प्रेरित किया गया है। अमेरिका, कश्मीर व मुंबई में शूटिंग की गई है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरचनाओं की स्वच्छता एवं जीर्णोद्धार का कार्य जारी

## बम्हनी में देवनार नाले में जिला पंचायत अध्यक्ष तथा जनपद अध्यक्ष ने किया श्रमदान

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरचनाओं की स्वच्छता एवं जीर्णोद्धार का कार्य जारी है। शासन के महत्वाकांक्षी अभियान में जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों तथा ग्रामीण जनों द्वारा उत्साह के साथ सहभागिता की जा रही है। इसी क्रम में शनिवार को ग्रामपंचायत बम्हनी जनपद पंचायत सीधी में देवनार नाले की सफाई श्रमदान एवं पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, जनपद अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह परिहार, जिला पंचायत सदस्य सरस्वती बहेलिया, जनपद सदस्य रामप्रसाद कोरी, पूनम सोनी द्वारा सहभागिता की गई।





इस अवसर पर सरपंच आकृति तिवारी, संजय सिंह चौहान, अरविंद तिवारी, उमाशंकर यादव, रणबहादुर सिंह सेंगर, सरपंच बढ़ौरा रामप्रसाद कोल, सरपंच कुबरी संतोष कोल, बृजराज तिवारी, संतोष द्विवेदी, बालेंद्र कुशवाहा, सरपंच बरी तीरथ यादव, राजेश द्विवेदी, संजीव तिवारी, हरेंद्र द्विवेदी, रामायण तिवारी, जितेन्द्र तिवारी, रवेंद्र प्रजापति, रामबहोर तिवारी, एपीओ दिनेश गौतम, एसडीओ आरईएस अंकित रस्तोगी, एसडीओ आरईएस आर के मिश्रा, वीसी एसवीएम रमाकांत यादव, वीसी पीएम आवास राजेंद्र मिश्रा, उपयंत्री प्रकाश सिंह, पीसीओ हरि नारायण पनिका, सचिव भोले प्रसाद द्विवेदी, योगेन्द्र शर्मा, जगदीश रजक, अजय मिश्रा और हजारों की संख्या में ग्रामीण जन और कर्मचारी अधिकारी द्वारा सहभागिता की गई।

इसी प्रकार जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विकासखण्ड कुसमी के ग्राम भगवार में बरी नदी के सफाई का कार्यक्रम सीईओ जनपद पंचायत ज्ञानेंद्र मिश्रा की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में बीआरसीसी कुसमी, सीएम राइज विद्यालय के शिक्षक, सरस्वती विद्यालय के प्रधानाध्यापक, सचिव भगवार, नवांकुर संस्था विंध्य कौटिल्य तथा ग्रामीण जनों की विशेष सहभागिता रही। मझौली में सेहरा नदी की सफाई ग्राम पंचायत कंजवार के ग्राम कमचड़ में आयोजित किया गया जिसमें सीईओ जनपद पंचायत एसएन द्विवेदी, एसडीओ आरईएस, एपीओ, सब इंजीनियर सहित ग्रामीण जनों द्वारा सहभागिता की गई।

**नवांकुर समितियों द्वारा की जा रही सहभागिता:** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की दिशा निर्देशों के अनुसार जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत द्वितीय दिवस यथार्थ लाल सेवा समिति दादर द्वारा सिरौला सेहरा नदी पर विकासखंड समन्वय रजनीश मिश्रा की उपस्थिति में एवं ग्रामीण जनों की विशेष उपस्थिति में श्रमदान किया गया। दीनदयाल सेवा समिति हनुमानगढ़ द्वारा हैंडपंप के पास स्वच्छता अभियान एवं सोकता गड्ढे का निर्माण किया गया।

# अमहा तालाब का भीठा हुआ अतिक्रमण मुक्त



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशानुसार तहसीलदार जान्हवी शुक्ला के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम द्वारा अमहा तालाब के भीठा तथा कोटहा का अतिक्रमण हटाया गया। तहसीलदार श्रीमती शुक्ला ने बताया कि विभिन्न माध्यमों से अतिक्रमण के संबंध में लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थी। उक्त को दृष्टिगत रखते हुए ग्राम अमहा की आराजी नंबर 217 का सीमांकन राजस्व निरीक्षक महेश शुक्ला, पटवारी रविशंकर शुक्ल एवं आशीष मिश्रा द्वारा किया गया।

जिसमें अतिक्रमित रकवा को अतिक्रमण हटवाकर अतिक्रमण मुक्त कराया गया। तहसीलदार ने कहा कि शासकीय भूमियों के अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की जा रही है तथा अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जावेगी।

# ऐईएसएल के 06 छात्र नीट यूजीसी 2024 में टॉप स्कोरर

**मीडिया ऑडीटर, कटनी निप्र।** देश भर में प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारियों के प्रसिद्ध आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) कटनी के 06 छात्रों ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा घोषित परिणामों में नीट यूजीसी की 600 और उससे अधिक अंक प्राप्त कर शहर प्रदेश और संस्था का नाम रोशन किया है।

यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, लगन और एईएसएल द्वारा प्रदान की गई उच्च गुणवत्ता वाली कोचिंग का प्रमाण है। परीक्षा में ऋषभ अग्निहोत्री ने 700 से अधिक अंक प्राप्त किए, ऋषभ ने 701 अंक प्राप्त कर देश में 1505 वी रैंक हासिल की। इसके अलावा अन्य छात्रों ने भी बेहतरीन प्रदर्शन किया, अंशिका सिन्हा ने 680 अंक लाकर देश में 8395 वीं रैंक हासिल की। वहीं खुशी वासवानी ने 626 अंक लाकर 51592 वी रैंक, आर्ची झामानी ने 624 अंक लाकर 54175 वी रैंक, भूमि जुडवानी ने 612 अंक लाकर 67119 वी रैंक, पलक सक्सेना (अंक 607), रिया चौधरी (अंक 598) और अजिता चौधरी (अंक 529) हासिल की।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत अमहा तालाब में स्वच्छता अभियान एवं पौधरोपण का कायक्रम आयोजित

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** जिला प्रशासन एवं मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के सहयोग से सीधी में जल श्रोतों के पुनर्जीवन हेतु मुख्यमंत्री जी के निर्देशन पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शनिवार को नगर पालिका सीधी अमहा तालाब खुर्द स्कूल के पास में मुख्य नगर पालिका अधिकारी मिनी अग्रवाल, शिवदत्त उर्मलिया जिला समन्वयक मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन, जिला प्रशासन के नेतृत्व में जल संवाद, पौधारोपण एवं श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्थानीय लोग, विभिन्न स्वयं सेवी संगठनों के प्रतिनिधि, नगर पालिका के समस्त कर्मचारी, परामर्शदाता विकासखंड सीधी अस्वनी पटेल, अजीत वर्मा, विनय तिवारी, नगर विकाश प्रस्फुटन समिति म.प्र. जन अभियान परिसद से सम्बद्ध रश्मि दिव्यांग सेवा समिति से सचिव रश्मि तिवारी, विपिन तिवारी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। सीएमसीयलडीपी योजना अंतर्गत संचालित एमएसडब्ल्यू, वीएसडब्ल्यू के छात्र उपस्थित रहकर सहयोग दिया। इसी प्रकार जिले के अन्य नगरीय निकायों में भी सतत रूप से स्वच्छता के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।



# डिलीवरी के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत

## 24 वर्षीय महिला की 2 साल हुई थी शादी, डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप



**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** नौगांव थाना अंतर्गत लुगासी चौकी की रहने वाली महिला को डिलीवरी के दौरान पेट में 4 दिन पहले दर्द हुआ था जिसको जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। जिसके बाद शुक्रवार की सुबह 10 परिजन उसे घर ले गए। इसके बाद शाम 4 बजे दर्द हुआ। परिजन उसे इलाज के लिए प्राइवेट अस्पताल ले गए। इसके बाद डिलीवरी के दौरान ही जच्चा-बच्चा की डॉक्टरों की लापरवाही के चलते मौत हो गई। जिसका पोस्टमॉर्टम शनिवार की दोपहर में 12 बजे जिला अस्पताल में किया गया है।जानकारी के अनुसार, संध्या राजा पति शिवेंद्र सिंह बुंदेला निवासी लुगासी 4 दिन पहले पेट में दर्द होने पर इलाज करने के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया था जिनकी डिलीवरी होनी थी 9 माह का पेट में बच्चा था। शुक्रवार की सुबह 10 बजे जिला अस्पताल से घर लुगासी लेकर पहुंचे। शाम को 4 बजे पेट में दर्द हुआ।

इसके बाद प्राइवेट अस्पताल में इलाज के लिए 5 बजे भर्ती किया हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टर ने उसे झांसी मेडिकल कॉलेज शाम 6.30 बजे रेफर कर दिया। रास्ते में ले जाते समय रात 10 बजे उसकी मौत हो गई। परिजन उसे वापस जिला अस्पताल छतरपुर लेकर 12 बजे रात पहुंचे।

जहां डयूटी डॉक्टर ने महिला और बच्चे को मृत घोषित करते हुए बॉडी मॉर्चुरी में रखवा दिया। जिसका शनिवार की सुबह 12 बजे पोस्टमॉर्टम किया गया है जिसके बाद बॉडी परिजनों को सौंप दी गई। ग्राम कलानी निवासी महिला की मां तेज कुमार ने बताया कि बेटी संध्या ने 2 साल पहले अपनी पसंद की शादी लुगासी निवासी शिवेंद्र बुंदेला के साथ की थी। जिसके पेट में 9 में का बच्चा था। जिसे इलाज के लिए अस्पताल लाए थे डॉक्टरों की लापरवाही के चलते बेटी की मौत हुई है।

परमार नर्सिंग होम के संचालक राहुल परमार ने बताया कि शुक्रवार शाम को महिला को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया था। हालांकि, महिला के पेट में डिलीवरी थी जिसको खून बहुत कम था। जिस वजह से उसे झांसी रिपेयर कर दिया गया था जिसकी रास्ते में मौत होने की सूचना लगी है।

# ग्राम रुंदा में लगा जन चेतना शिविर

## एसपी ने आदिवासियों को अधिकारों के बारे में बताया, जरूरतमंद लोगों को बांटे कपड़े

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** जिले के आदिवासी अंचल जनपद पंचायत क्षेत्र कुसमी के ग्राम रुंदा में शनिवार को एसपी डॉक्टर रविंद्र वर्मा पहुंचे। एसपी ने यहां पर मौजूद लोगों से बातचीत की।




जिला मुख्यालय के थाना आजाक ने जन चेतना शिविर आयोजन किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आदिवासियों को मुख्य धारा से जोड़ना और उनके अधिकारों-कर्तव्यों का बोध कराना था।

प्रशासन के दौरान उन्हें क्या अधिकार दिए गए हैं? उन शक्तियों का वह किस प्रकार से इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके बारे में खुद एसपी ने अदिवासियों को बताया है।

एसपी ने बच्चों और बूढ़ों को कपड़े, कॉपी-पेन, जूता, तौलिया और टी-शर्ट का भी वितरण किया है। जहां जरूरतमंद लोगों को सामग्री का वितरण करके एसपी ने लोगों के साथ स्वल्पाहार भी किया है।

इस दौरान एसपी डॉक्टर रविंद्र वर्मा के साथ धौहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम, जिला पंचायत सदस्य हीराबाई सिंह, जनपद सदस्य अतिबल सिंह, सरपंच वंश बहादुर सिंह, मुखिया तेजबली सिहं, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव, सीधी नायब तहसीलदार नारायण सिहं, एसडीओपी रोशनी सिंह ठाकुर, थाना कुसमी प्रभारी भूपेश कुमार बेस के साथ ग्रामीण मौजूद रहे।

# तेंदुहा गांव में नाले के पास दिखा मगरमच्छ

## ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग ने रेस्क्यू कर सोन नदी में छोड़ा



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** शनिवार को सीधी जिला मुख्यालय से 10 किमी की दूरी पर रीवा-सीधी एनएच पर तेंदुहा नाले के पास मगरमच्छ दिखाई दिया। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ का रेस्क्यू कर सोन नदी में छोड़ा।

स्थानीय लोगों ने बताया कि सोन नदी से नाले के सहारे मगरमच्छ तेंदुआ ग्राम में पहुंच गया। मगरमच्छ को देखकर आसपास के कुत्ते भौंकने लगे जिसे देखकर ग्रामीणों की नजर मगरमच्छ पर पड़ी।

ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग के पंकज मिश्रा को दी। इसके बाद उन्होंने मौके पर पहुंचकर मगरमच्छ का रेस्क्यू कर उसे सोन नदी में ले जाकर सुरक्षित छोड़ा।

पंकज मिश्रा ने बताया कि सोन घड़ियाल अभयारण्य होने के चलते सोन नदी में घड़ियालों का आना जाना लगा रहता है। शनिवार को ग्राम तेंदुआ में नाले के सहारे सोन नदी से एक 8 फीट लंबा मगरमच्छ वहां पहुंच गया, जिसे रेस्क्यू कर सोन नदी में छोड़ा गया है।

# आरटीओ की इंट्री वसूली से ट्रक मालिक परेशान: अमित द्विवेदी

**मीडिया ऑडीटर, रीवा निप्र।** रीवा ट्रक ट्रान्सपोर्ट एसेसियेशन जिला रीवा (म.प्र.) की आवश्यक बैठक अध्यक्ष अमित कुमार द्विवेदी 'बच्चू' के निज निवास में सम्पन्न हुई। बैठक में रीवा आर.टी.ओ.विभाग के कर्मचारियों एवं पालतू गुंडों के द्वारा की जा रही है बेतहासा अवैध बसूली पर चिंता व्यक्त की गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने कहा कि चाकघाट बैरियर एवं हनुमना बैरियर से निकलने बाले प्रत्येक ट्रकों से जबरदस्ती अवैध वसूली की जा रही है। गाड़ियों के वजन सही होने एवं सभी दस्तावेज सही पाये जाने के वावजूद भी रीवा आर.टी.ओ.मनीष त्रिपाठी के पालतू गुन्डों एवं कर्मचारियों के द्वारा प्रति चक्कर 2000 रुपये से लेकर 5000/- रुपये तक पैसा लिया जाता है। पैसा न देने पर ड्राइबरों के साथ गाली गलौज एवं मारपीट की घटनाये भी आम हो गई है। बैठक में उपस्थित गाड़ी मालिकों ने एक स्वर से कहा कि घटना की लिखित शिकायत हनुमना एवं चाकघाट थाने में भी की जाती है वावजूद इसके थाना प्रभारी द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जाती।

# जल गंगा संवर्धन अभियान का किया शुभारंभ

## पूर्व कैबिनेट मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह ने दहलान चौकी पर तालाब के जीर्णोद्धार कार्य का किया भूमिपूजन



**मीडिया ऑडीटर, पन्ना निप्र।** पन्ना में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पुराने जलस्त्रोतों के संरक्षण, संवर्धन और मरम्मत कार्य इन दिनों किए जा रहे है। इसी क्रम में पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने दहलान चौकी में जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया और इस अभियान से लोगों से जुड़ने की अपील की।

दरअसल यह अभियान आगामी 16 जून तक निरंतर चलेगा।पूर्व कैबिनेट मंत्री व पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने शनिवार को ग्राम दहलान चौकी में जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने दहलान चौकी स्थित प्राचीन तालाब के जीर्णोद्धार कार्य का भूमिपूजन करते हुए कहा कि अभियान में सभी जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन के लिए प्रयास किया जाएगा।

ग्राम में पेयजल सहित सिंचाई के लिए पानी की समस्या दूर करने का प्रयास भी होगा।ग्रामीणों ने गांव में स्तिथ चंदेलकालीन तालाब के जीर्णोद्धार की मांग पन्ना विधायक से विगत दिनों की थी। जिस पर 40 लाख रूपए लागत राशि से तालाब का जीर्णोद्धार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पानी की सतत आपूर्ति सुनिश्चित करने एवं भू-जल स्तर में बढ़ोत्तरी के लिए शासन स्तर पर आवश्यक कार्य किया जाएंगे। इसी तरह पुराने व ऐतिहासिक महत्व के प्राचीन तालाब व कुंओं सहित बावड़ी की मरम्मत व सौंदर्यीकरण का कार्य भी किया जाएगा। जल जीवन मिशन अंतर्गत मझगांय बांध के माध्यम से प्रत्येक ग्रामीण परिवार तक नल कनेक्शन के जरिए शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा।

# शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी में एक दिवसीय राष्ट्रीय ऑनलाइन वेबीनार आयोजित

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी में एक दिवसीय राष्ट्रीय ऑनलाइन वेबीनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ मॉ. सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ 11.30 बजे से हुआ। कार्यक्रम के आरंभ में राष्ट्रीय वेबीनार की संयोजक प्रो. ज्योति अलूने ने वेबीनार के उद्देश्य बताया। कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा रीवा संभाग रीवा डॉ. आर.पी. सिंह थे।



महाविद्यालय के संरक्षक प्राचार्य प्रो. ओ.पी. नामदेव ने कार्यक्रम के समस्त अतिथिगण एवं मुख्य वक्ताओं के प्रति स्वागत भाषण दिया। अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी.के. सिंह संरक्षक की भूमिका अदा करते हुये भारतीयता के संबंध में विस्तृत व्याख्यान दिये।

राष्ट्रीय ऑनलाइन वेबीनार 02 सत्रों में सम्पन्न हुआ। प्रथम सत्र के मुख्य वक्ता प्रो. जी.आर. गांगले विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी मंत्रालय भोपाल एवं डॉ. विकास दवे निदेशक साहित्य अकादमी म.प्र. शासन थे जिनका परिचय कार्यक्रम के सहसंयोजक डॉ. के.बी. रॉय सहायक प्राध्यापक ने दिया।

कार्यक्रम के प्रथम वक्ता डॉ. जी.आर. गांगले ने शैक्षणिक संस्थाओं के परिवेश में भारतीयता विषय पर सारगर्भित व्याख्यान दिये तत्पश्चात् द्वितीय मुख्य वक्ता के रुप में डॉ. विकास दवे ने भारतीय दर्शन के माध्यम से प्रकृति संरक्षण पर विशेष बल दिये। पुराणों एवं उपनिषदों का उदाहरण देते हुये पर्यावरण बचाये रखने पर महत्वपूर्ण व्याख्यान दिये।

द्वितीय सत्र के मुख्य वक्ता पवन कुमार शर्मा कंसल्टेंट/सीनियर जर्नलिस्ट, संसद टी.वी. संसद भवन नई दिल्ली थे, जिनका परिचय कार्यक्रम के आयोजन सचिव प्रो. पुष्पेन्द्र कुमार शाह ने दिया। मुख्य वक्ता पवन कुमार ने विश्व के देशों की तुलना में भारत लोक तांत्रिक व्यवस्था पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता पर बल दिये। उन्होंने अपने व्याख्यान में नवीन संसद भवन की खूबी को व्यक्त किया। अंतिम वक्ता के रुप में महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. दिलीप कुमार सोनी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं भारतीयता पर महत्वपूर्ण व्याख्यान दिया।

कार्यक्रम के अंत में समाजशास्त्र की सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रतिमा कौल ने सभी के प्रति अभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से प्रो. देवेन्द्र कुमार सोनी, डॉ. राजेश कुमार साहू, प्रो. प्रशान्त कुमार चौरसिया, डॉ. अमृता ब्राहम्णे, अजय कुमार क्रीडा अधिकारी तथा महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक स्टाफएवं अधिकाधिक छात्रायें उपस्थित रहे।

# विचार

## देश को मजबूत सरकार की जरूरत क्यों

जापान, वर्ष 2010 तक करीब 5 दशकों तक संयुक्त राज्य अमरीका के बाद दुनिया की दूसरी सबसे शक्तिशाली अर्थव्यवस्था बना रहा था। फिर वह तीसरे स्थान पर फिसल गया क्योंकि चीन ने दूसरा स्थान हासिल कर लिया और फिर अगले 13 वर्षों के अंतराल में वर्ष 2023 में जापान जी.डी.पी. के मामले में चौथे स्थान पर आ गया क्योंकि जर्मनी ने उसे धकेल कर तीसरा स्थान प्राप्त कर लिया। दूसरी ओर भारत ने निरंतर विकास की कहानी देखी और काफी नीचे से ऊपर चलते हुए दुनिया की 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया और जल्दी ही जापान को 5वें स्थान पर धकेलते हुए चौथे स्थान पर पहुंचने के लिए भारत तैयार है। जापान के सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहे स्वर्गीय शिंजो आबे अपनी आक्रामक विदेश नीति और एक विशिष्ट आर्थिक रणनीति के लिए जाने जाते थे, जिसे लोकप्रिय रूप से 'एबेनॉमिक्स' के नाम से जाना जाता है। बेहद लोकप्रिय और बेहद विवादास्पद राजनेता रहे आबे ने लिबरल डैमोक्रेटिक पार्टी (एल.डी.पी.) को 2 बार जीत दिलाई। एबेनॉमिक्स थ्री ऐरोज यानी 'तीन तीरों' पर केन्द्रित था। पहला आक्रामक मौद्रिक नीति, दूसरा राजकोषीय समेकन और तीसरा विकास रणनीति। जबकि पहले 2 से बेहतर परिणाम मिले, लेकिन विकास और आधारभूत परिवर्तनों के पैमाने विफल रहे क्योंकि रणनीतिकारों ने इस तथ्य को नजरअंदाज कर दिया कि जापानी अर्थव्यवस्था बढ़ती आबादी और बढ़ते सामाजिक कल्याण खर्चों का सामना कर रही है। यहीं भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच सामने आती है। जब उन्होंने जन-धन खातों के माध्यम से वित्तीय समावेशन किया, महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए दर्जनों योजनाएं लांच कीं, युवाओं में सकारात्मक सोच विकसित करने के लिए स्टार्टअप और कौशल विकास पर जोर दिया तो दरअसल वह लांग टर्म के विकास के लिए नहीं, उन पहलुओं को पहले से ही संबोधित करना चाह रहे थे जहां जापान उतना सफल नहीं हो पाया था। भारत की आबादी की औसत आयु 30 साल से भी कम है, लगभग 29.5 वर्ष। लेकिन आने वाले वर्षों में भारत की आबादी की आयु बढ़ेगी। उम्मीद है कि 2050 तक भारतीय जनसंख्या की औसत आयु लगभग 39 वर्ष होगी। वर्ष 2000 में जापानी आबादी की औसत आयु इतनी ही थी। यहीं पर पिछले 10 सालों से चल रहा देश का विजन सामने आता है। इन वर्षों में देश की सोच और दृष्टि आमतौर पर लंबी अवधि के लिए रही है। भारत 2047 तक पूरी तरह से विकसित राष्ट्र बनने की योजना बना रहा है, जब हम आजादी के 100 साल मनाएंगे, तो योजना बनाना और ऐसे रुख अपनाना जरूरी है जो भले ही अजीब और अनूठे लग सकते हैं, लेकिन समय आने पर इसके परिणाम मिलेंगे और जापान की कहानी नहीं दोहराई जाएगी। इसके बिल्कुल विपरीत, जापान की अर्थव्यवस्था की कहानी सतर्कता की घंटी बजाती है। एक समय दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था रहा जापान संयुक्त राज्य अमरीका, चीन और जर्मनी के बाद चौथे स्थान पर खिसक गया है। पर्याप्त सरकारी प्रयासों और मौद्रिक प्रोत्साहन के बावजूद, जापान की आबादी की बढ़ती उम्र ने इसकी आर्थिक गतिशीलता को बनाए रखने के लिए आवश्यक संरचनात्मक और शासन सुधारों में बाधा उत्पन्न की है। यह जनसांख्यिकीय चुनौती आर्थिक नवाचार और विकास को आगे बढ़ाने में युवा नेतृत्व के महत्वपूर्ण महत्व को बताती है। शासन में युवाओं को सशक्त बनाना ऽएक रणनीतिक अनिवार्यता ऽयुवा नेतृत्व पर देश का जोर महज एक राजनीतिक रणनीति नहीं है बल्कि भारत के भविष्य के लिए एक रणनीतिक अनिवार्यता है। युवा नेता नए दृष्टिकोण, नवीन समाधान और एक मजबूत ऊर्जा लाते हैं जो शासन और नीति-निर्माण प्रक्रियाओं को पुनर्जीवित कर सकते हैं। सम-सामयिक तकनीकी प्रगति और वैश्विक रुझानों से उनकी निकटता उन्हें तेजी से विकसित हो रही दुनिया की जटिलताओं से निपटने में सक्षम बनाती है। उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, हरियाणा और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में युवा नेताओं को शीर्ष पर रखकर एक ऐसी शासन संस्कृति देश में आ रही है जो चुस्त, उत्तरदायी और दूरदर्शी है। ऐसा नहीं है कि यह काम सत्ता पक्ष ने ही किया है। एक तरफ योगी आदित्यनाथ, भजनलाल शर्मा, पुष्कर धामी और मोहन यादव आदि हैं।

# हिंदी-अंग्रेजी का झगड़ा अब बेमानी

**जिस तरह देश की विविध अनुसूचित भाषाओं के लोग यह सोचते हैं कि हिंदी की वजह से उनकी भाषा का प्रभाव कम हो रहा है, उसी तरह हिंदी सेवियों की एक बड़ी तादाद ऐसा मानती है कि अंग्रेजी के कारण हिंदी का प्रसार बाधित हो रहा है। लेकिन खुद अंग्रेजी का क्या हाल है? जब हम एक पूर्ण और सशक्त भाषा की बात सोचते हैं, तो हमारे जेहन में उसके कुछ निश्चित प्रतिमान उभरते हैं। जैसे, उसकी एक विकसित लिपि होगी, ध्वनि संसार होगा, शब्दों का विशाल भंडार होगा। शब्दों की वर्तनी, उनका उच्चारण और अर्थ सुनिश्चित होगा। व्याकरण होगा। उसका अपना साहित्य होगा, जिसे पढ़ने वाले लोग होंगे। और उसे सत्ता (आर्थिक-राजनीतिक) का समर्थन प्राप्त होगा। क्या इन पारंपरिक मानकों पर आज की कोई भी भाषा दावे से खरी उतरती है? अंग्रेजी का प्रयोग करने वाली नई पीढ़ी बहुत तेजी से इमोजी की तरफ बढ़ रही है। कोई बात अच्छी लगे तो एक पूरा वाक्य लिखने की जरूरत नहीं है।**



किसी बात की आलोचना करनी हो और इस तरह से करनी हो कि दूसरा पक्ष आहत न हो, तो उसके लिए कोई अच्छा शब्द ढूंढने की जरूरत नहीं है। यहां तक कि इमोजी से पूरे प्रेम पत्र लिखे जा सकते हैं। हम भाषा के संदर्भ में आर्थिक प्रभुत्व की चर्चा करते हैं। अब बहुराष्ट्रीय कंपनियों के कारोबारों और उत्पादों के साथ भी इमोजी इस्तेमाल होने लगे हैं। ऐपल, गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, सैमसंग, ट्विटर, फेसबुक, एलजी, एचटीसी, बर्गर किंग और पेप्सीको जैसी तमाम कंपनियां इमोजी इस्तेमाल कर रही हैं, और उनके साथ उनके ग्राहक भी। उनके बीच एक नई भाषा विकसित हो रही है। यानी रोमन लिपि और शब्दों की सही वर्तनी का महत्व खत्म! जब भी कोई नई भाषा विकसित होती है, वह पारंपरिक भाषाओं का दायरा संकुचित करती है। समाज में ऐसे कई तरह के छोटे-मोटे संकेत विकसित होते हैं जो समय के साथ प्रचलन से बाहर हो जाते हैं- यह सोच कर हम इमोजी की भाषा को नजरअंदाज नहीं कर सकते। यह लोगों के बीच का भाषिक संवाद बदलने का एक नमूना है। इसके और भी पक्ष हैं। जब हम ऑक्सफोर्ड और वेब्स्टर के शब्दकोशों में सही वर्तनी और हिज्जे ढूंढ रहे होते हैं, तब इंटरनेट पर भेजे जा रहे संदेशों में उन शब्दों के संक्षिप्त रूपों का धड़ल्ले से इस्तेमाल हो रहा होता है। वहां सिर्फ 'आय लव यू' के लिए इलू (आयएलयू) और 'फियर ऑफ मिसिंग यू के लिए फोमू' (एफओएमयू) ही नहीं बन रहा है, एक पूरी शब्दावली विकसित हो रही है, जिसमें बीटुबी (बिजनेस टु बिजनेस), केपीआई (की-परफॉर्मेंस इंडीकेटर), सीपीएम (कॉस्ट पर थाउजैंड) और यूजीसी (यूजर जेनरेटेड कॉन्टेंट) जैसे प्रयोग भी शामिल हैं। ये नए संक्षिप्त शब्द पहले के अनेक शब्दों से बने पूरे फ्रेज को विस्थापित कर देते हैं। आज सिर्फ दोस्तों की अनौपचारिक मंडली में ही नहीं, कॉर्पोरेट की औपचारिक चिट्ठियों, व्यापारिक पत्राचार और तकनीक की दुनिया में भी इस भाषा में लिखित संवाद हो रहे हैं। इंटरनेट की दुनिया में इन संक्षिप्त रूपों को मान्यता प्राप्त है। इनमें से यदि कोई नवनिर्मित शब्द समझ में न आए तो उसे गूगल कर आसानी से देखा जा सकता है। आज से चार-पांच दशक बाद वाली पीढ़ी के लिए शायद यह जान पाना भी मुश्किल हो कि फोमू किन-किन शब्दों के संक्षेपीकरण से बना है। उसके लिए फोमू ही वह शब्द होगा, जिसके माध्यम से वह अपनी बात कहेगी।

फेसबुक पर हर मिनट 50 लाख से ज्यादा लोग अपनी टिप्पणियां पोस्ट करते हैं और 30 लाख से ज्यादा लोग अपना स्टेटस अपडेट करते हैं। इंस्टाग्राम पर प्रति मिनट करोड़ों की तादाद में पोस्ट किए जाते हैं और मोबाइल से पचास लाख से ज्यादा ट्वीट भेजे जाते हैं। इसी एक मिनट में इंटरनेट की दुनिया में डेढ़ लाख से ज्यादा टेक्स्ट का आदान-प्रदान होता है। हिंग्लिश और चिंग्लिश जैसे नए भाषा रूपों ने अंग्रेजी के व्याकरण की अनिवार्यता को काफी संकुचित कर दिया है। यहां तक कि स्वीडन और फिनलैंड जैसे बाल्टिक देशों के लोग भी अपनी भाषाओं के दायरे से बाहर निकल कर जब कभी टूटी-फूटी अंग्रेजी में संवाद करने की कोशिश करते हैं, तो ज्यादातर वह व्याकरण के नियमों से परे ही होती है। हां, लिपि जरूर रोमन बनी हुई है। नई पीढ़ी तक अंग्रेजी की अपनी वर्तनी बचाने के लिए शिक्षक, संस्थाएं और सरकारें जी तोड़ कोशिशें कर रही हैं। इंग्लैंड, अमेरिका, न्यूजीलैंड, कनाडा, बहामा, जमैका, गुयाना, दक्षिणी अफ्रीका, यहां तक कि एशियाई देशों में भी युवा छात्रों के लिए स्पेलिंग और हिज्जे की प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए ट्रॉफियां दी जा रही हैं। लेकिन शब्दकोश, व्याकरण की पढ़ाई और भाषा संरक्षण के तमाम उपायों के बावजूद अंग्रेजी अपने को संभाल नहीं पा रही है। टेक्नॉलजी और वैश्वीकरण ने आज की सभी भाषाओं की जड़ें हिला दी हैं। भाषाओं के पारंपरिक ढांचे दरकते हुए नजर आ रहे हैं। ब्रिटेन में युवा छात्रों द्वारा अंग्रेजी शब्दों की सही वर्तनी की उपेक्षा और हिंदुस्तान में निरक्षरों द्वारा अपने मोबाइल फोन पर आए कॉलर नंबर को उनकी आकृति या विशिष्ट रिंग टोन से पहचानने की प्रवृत्ति को अभी तक हम दो अलग-अलग स्थानीय सामुदायिक व्यवहारों की तरह देख रहे हैं। शायद हम इन दोनों के बीच के संबंध को पहचान नहीं पा रहे। ये वैश्विक स्तर पर बहुत तेजी से अपना साम्राज्य बढ़ा रही अंग्रेजी भाषा के मानक रूप के क्षरण के कुछ उदाहरण हैं। लेकिन हमारे भाषाई व्यवहार में ऐसे और भी कई संकेत देखने को मिल रहे हैं। भाषाएं मरती नहीं, वे अपना रूप बदलती हैं, कुछ अवशेषों के साथ। अंग्रेजी भी अपनी लिपि और कुछ ध्वनियों के साथ दूसरी भाषाओं की तुलना में शायद कुछ ज्यादा लंबे समय तक बनी रहे, लेकिन वह अंग्रेजी यह अंग्रेजी नहीं होगी।

## तमिलनाडु के परिणामों ने भाजपा को निराश किया है या भविष्य के लिए नई उम्मीद जगाई है?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनावों में इस बार दक्षिणी राज्यों खासकर तमिलनाडु और केरल में काफी चुनाव प्रचार किया था। यही नहीं, चुनावों से पहले भी वह जिस तरह लगातार इन राज्यों का दौरा कर रहे थे उसके चलते भाजपा आलाकमान को विश्वास था कि इस बार दक्षिण में भी खूब कमल खिलेंगे। लेकिन ऐसा हो नहीं सका। हालांकि केरल में त्रिशूर सीट जीत कर भाजपा ने पहली बार अपना खाता खोल लिया लेकिन तमिलनाडु में वह इस बार भी खाली हाथ ही रही। तमिलनाडु में भाजपा का जो हश्र हुआ है उसके चलते अब पार्टी में अंदरूनी घमासान भी देखने को मिल रहा है। वैसे चुनावों के समय ही यह दिख रहा था कि वहां द्रमुक के नेतृत्व वाला गठबंधन ही सबसे आगे है लेकिन भाजपा के इतने बुरे हाल की कल्पना किसी ने नहीं की थी। तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष अन्नामलाई ने जब राज्यव्यापी यात्रा निकाली थी तो उनको भारी जन समर्थन मिला था। यही नहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनावी रैलियों में भी खूब भीड़ उमड़ रही थी। प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु में कई रोड़ शो भी किये जिसमें उमड़ा जनसैलाब भाजपा की उम्मीदों को लगातार बढ़ा रहा था। भाजपा ने इस बार चुनावों में अपने कई दिग्गजों को उतार दिया था और उन्होंने जिस मेहनत के साथ चुनाव प्रचार किया उससे लग रहा था कि भाजपा चार या पांच सीटों पर जीत सकती है। लेकिन परिणाम भाजपा के लिए बेहद निराशाजनक रहे। हम आपको बता दें कि एक लोकसभा सीट नागापट्टिनम में तो भाजपा चौथे स्थान पर जा पहुँची। साथ ही भाजपा जिन 23 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ी थी उसमें से उसने 11 पर अपनी जमानत गंवा दी। यही नहीं, भाजपा के सहयोगी दलों- आईजेके, पीएमके, तमिल मनीला कांग्रेस (टीएमसी) और एएमएमके ने भी दस सीटों पर जपनी जमानत गंवा दी। यह परिणाम दर्शाता है कि भाजपा और उसके गठबंधन दलों का सारा चुनाव प्रचार हवा-हवाई ही था, जमीन पर कुछ था ही नहीं। चुनाव परिणामों के बाद सवाल उठ रहा है कि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अन्नामलाई का अन्नाद्रमुक के साथ गठबंधन तोड़ना और अकेले चुनाव लड़ने का फैसला कहीं गलत तो नहीं था? इस सवाल को लेकर प्रदेश भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं का कहना है कि अन्नामलाई ने भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व को गुमराह किया। इन नेताओं का कहना है कि अगर अन्नाद्रमुक के साथ चुनाव लड़े होते तो स्थिति कुछ और होती। इन नेताओं का कहना है कि यदि अन्नाद्रमुक साथ होती तो तमिलनाडु में भाजपा का उभार होता तथा भाजपा के पास इस दक्षिणी राज्य से भी लोकसभा सीटें होतीं जिनकी आज बेहद जरूरत है। इन नेताओं का कहना है कि अन्नाद्रमुक से संबंध तोड़ने का फैसला हमारे लिये घातक सिद्ध हुआ है। भाजपा प्रदेश बौद्धिक प्रकोष्ठ के प्रमुख कल्याण रमन ने तो एक्स पर पोस्ट करके अन्नामलाई पर सीधा-सीधा आरोप भी लगा दिया है कि उन्होंने केंद्रीय नेतृत्व को सही बात नहीं बताई। उनका यह भी कहना है कि भाजपा ने चुनाव का संचालन भी ठीक से नहीं किया और पार्टी का वार रूम सिर्फ अन्नामलाई के इर्दगिर्द माहौल बनाने में लगा हुआ था। दूसरी ओर, अन्नामलाई की बात करें तो वह लोकसभा चुनाव परिणाम के बारे में यह तो मान रहे हैं कि भाजपा को उम्मीद के मुताबिक मत नहीं मिले लेकिन वह यह भी कह रहे हैं कि अन्नाद्रमुक को राज्य की जनता ने खारिज कर दिया है। उन्होंने 2026 में तमिलनाडु विधानसभा चुनावों के दौरान भी अन्नाद्रमुक से किसी प्रकार के गठबंधन की संभावना को खारिज कर दिया है। वह कह रहे हैं कि हमसे जहां गलतियां हुई उसकी समीक्षा की जायेगी और यह देखा जायेगा कि पार्टी को कैसे नये सिरे से खड़ा किया जा सकता है। वह अब भी इस बात के पक्षधर हैं कि भाजपा को राज्य में अपने बलबूते ही पैरों पर खड़ा होना चाहिए। हम आपको याद दिला दें कि तमाम एग्जिट पोलों ने भविष्यवाणी की थी कि भाजपा राज्य में कम से कम 2-3 सीटें जीतकर तमिलनाडु के राजनीतिक परिदृश्य में प्रवेश करेगी।

# आर्थिक विकास के दृष्टि से वित्तीय वर्ष 2023-24 भारत के लिए महत्वपूर्ण साबित हुआ

प्रह्लाद सबनानी

हाल ही में वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था में हुए विकास से सम्बंधित आंकड़े जारी किये गए है। इसके अनुसार वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है जबकि वित्तीय वर्ष 2022-23 में भारत की आर्थिक विकास दर 7 प्रतिशत की रही थी। भारतीय रिजर्व बैंक एवं वैश्विक स्तर पर कार्यरत विभिन्न वित्तीय संस्थानों ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत की आर्थिक विकास दर का अनुमान लगाते हुए कहा था कि यह 7 प्रतिशत के आसपास रहेगी। परंतु, वित्तीय 2023-24 के दौरान भारत की आर्थिक विकास दर इन अनुमानों से कहीं अधिक रही है। वित्तीय वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में भी भारत की आर्थिक विकास दर 7.8 प्रतिशत रही है जो पिछले वित्तीय वर्ष की चौथी तिमाही में 6.1 प्रतिशत रही थी। पूरे विश्व में प्रथम 10 सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की आर्थिक विकास दर भारत की आर्थिक विकास दर के कहीं आसपास भी नहीं रही है। अमेरिका की आर्थिक विकास दर 2.3 प्रतिशत, चीन की आर्थिक विकास दर 5.2 प्रतिशत, जर्मनी की आर्थिक विकास दर तो ऋणात्मक 0.3 प्रतिशत रही है। जापान की आर्थिक विकास दर 1.92 प्रतिशत, ब्रिटेन की 0.1 प्रतिशत, फ्रान्स की 0.9 प्रतिशत, ब्राजील की 2.91 प्रतिशत, इटली की 0.9 प्रतिशत एवं कनाडा की 1 प्रतिशत रही है, वहीं भारत की आर्थिक विकास दर 8.2 प्रतिशत रही है। 8 प्रतिशत से अधिक की विकास दर को देखते हुए अब तो ऐसी सम्भावना व्यक्त की जा रही है कि वर्ष 2027 तक जर्मनी एवं जापान की अर्थव्यवस्थाओं को पीछे छोड़ते हुए भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था निश्चित ही बन जाएगा। विनिर्माण, खनन, भवन निर्माण एवं सेवा क्षेत्र, यह चार क्षेत्र ऐसे



हैं जो भारत के सकल घरेलू उत्पाद को तेजी से आगे बढ़ाने में अपना विशेष योगदान देते हुए नजर आ रहे हैं। यह स्पष्ट रूप से केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों के चलते ही सम्भव हो पा रहा है। वास्तविक सकल मान अभिवृद्धि के आधार पर, वित्तीय वर्ष 2023-24 की चतुर्थ तिमाही में विनिर्माण के क्षेत्र में 8.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है जबकि वित्तीय वर्ष 2022-23 की इसी अवधि में केवल 0.9 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की जा सकी थी। इसी प्रकार, खनन के क्षेत्र में भी इस वर्ष की चतुर्थ तिमाही में वृद्धि दर 4.3 प्रतिशत की रही है जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 2.9 प्रतिशत की रही थी। भवन निर्माण के क्षेत्र में 8.7 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की गई है जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 7.4 प्रतिशत की रही थी। नागरिक प्रशासन, सुरक्षा एवं अन्य सेवाओं के क्षेत्र में वृद्धि दर 4.7 प्रतिशत से बढ़कर 7.8 प्रतिशत हो गई है। ऊर्जा उत्पादन क्षेत्र में वृद्धि दर पिछले वर्ष की चौथी तिमाही में 7.3 प्रतिशत से बढ़कर इस वर्ष चौथी तिमाही में 7.7 प्रतिशत पर पहुंच गई है। परंतु, कृषि, सेवा एवं वित्तीय क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में वृद्धि दर पिछले वर्ष की इसी तिमाही की तुलना में कुछ कम रही है। वैश्विक स्तर पर अन्य देशों के सकल घरेलू उत्पाद में लगातार कम हो रही वृद्धि दर के बावजूद भारत के सकल घरेलू उत्पाद में तेज गति से वृद्धि दर का होना यह दर्शाता है कि अन्य देशों की अर्थव्यवस्थाओं में आ रही परेशानियों का असर भारतीय अर्थव्यवस्था पर नहीं के बराबर हो रहा है एवं भारतीय अर्थव्यवस्था अपनी आंतरिक शक्ति के बल पर तेज गति से आर्थिक वृद्धि करने में सफल हो रही है। परंतु, भारत में कुछ क्षेत्र ऐसे भी हैं जिन पर, आर्थिक विकास की गति को और अधिक तेज करने के उद्देश्य से विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। जैसे, हाल ही के समय में भारत में निजी खपत नहीं बढ़ पा रही है और यह 4 प्रतिशत की दर पर ही टिकी हुई है। साथ ही, निजी क्षेत्र में पूंजी निवेश भी नहीं बढ़ पा रहा है। भारत में निजी खपत कुल सकल घरेलू उत्पाद का 60 प्रतिशत है। यदि सकल घरेलू उत्पाद के इतने बड़े हिस्से में वृद्धि नहीं होगी अथवा कम वृद्धि दर होगी तो देश में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर भी विपरीत रूप से प्रभावित होगी। भारत में निजी खपत इसलिए भी नहीं बढ़ पा रही है क्योंकि वित्तीय वर्ष 2022-23 में घरेलू देयताएं सकल घरेलू उत्पाद के 5.7 प्रतिशत के उच्चत्तम स्तर पर पहुंच गईं हैं एवं बचत की दर भी सकल घरेलू उत्पाद के 5.2 प्रतिशत पर अपने निचले स्तर पर आ गई है, जो 10 वर्ष पूर्व 7 प्रतिशत से अधिक थी। वहीं दूसरी ओर, दिसम्बर 2023 के प्रथम सप्ताह में भारत ने फ्रांस एवं ब्रिटेन को पीछे छोड़ते हुए शेयर बाजार के पूंजीकरण के मामले में पूरे विश्व में पांचवा स्थान हासिल कर लिया था। भारत से आगे केवल अमेरिका, चीन, जापान एवं हांगकांग थे। परंतु, केवल दो माह से भी कम समय में भारत ने शेयर बाजार के पूंजीकरण के मामले में हांगकांग को पीछे छोड़ते हुए विश्व में चौथा स्थान प्राप्त कर लिया है। भारतीय शेयर बाजार का पूंजीकरण 4.35 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से भी अधिक का हो गया है। अब ऐसा आभास होने लगा है कि भारत अर्थ के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अपनी खोई हुई प्रतिष्ठा को पुनः प्राप्त करता हुआ दिखाई दे रहा है। भारत में नैशनल स्टॉक एक्स्चेंज पर लिस्टेड समस्त कम्पनियों के कुल बाजार पूंजीकरण का स्तर 2 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर जुलाई 2017 में पहुंचा था और लगभग 4 वर्ष पश्चात अर्थात मई 2021 में 3 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर गया था तथा केवल लगभग 2.5 वर्ष पश्चात अर्थात दिसम्बर 2023 में यह 4 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को भी पार कर गया था और अब यह 4.35 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर से भी आगे निकल गया है। इस प्रकार भारत शेयर बाजार पूंजीकरण के मामले में आज पूरे विश्व में चौथे स्थान पर आ गया है। प्रथम स्थान पर अमेरिकी शेयर बाजार है, जिसका पूंजीकरण 50.86 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक है। द्वितीय स्थान पर चीन का शेयर बाजार है जिसका पूंजीकरण 8.44 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक है। वर्ष 2023 में चीन के शेयर बाजार ने अपने निवेशकों को ऋणात्मक प्रतिफल दिए हैं। तीसरे स्थान पर जापान का शेयर बाजार है जिसका पूंजीकरण 6.36 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक है। चौथे स्थान पर भारत का शेयर बाजार है जिसका पूंजीकरण 4.35 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक है। पांचवे स्थान पर हांगकांग का शेयर बाजार है जिसका पूंजीकरण 4.29 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है। जिस तेज गति से भारतीय शेयर बाजार का पूंजीकरण आगे बढ़ रहा है, अब ऐसी उम्मीद की जा रही है कि कुछ समय पश्चात ही भारतीय शेयर बाजार का पूंजीकरण जापान शेयर बाजार के पूंजीकरण को पीछे छोड़ते हुए पूरे विश्व में तीसरे स्थान पर आ जाएगा। उक्त सफलताओं के साथ ही, भारत ने अपने आर्थिक विकास की दर को तेज रखते हुए अपने राजकोषीय घाटे पर भी नियंत्रण स्थापित कर लिया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में भारत का राजकोषीय घाटा 17 लाख 74 हजार करोड़ रुपए का रहा था

# ट्रक ने छात्रा को रौंदा, एक की मौत, 2 घायल

## ट्यूशन से लौट रहीं थी 3 सहेलियां, परिजनों ने किया चक्काजाम






**मीडिया ऑडीटर, दुर्ग एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के अंजोरा में ट्यूशन से घर लौट रही छात्रा को एक ट्रक ने कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। वहीं 2 अन्य छात्राएं घायल हैं। सूचना पर अंजोरा पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं मृत छात्रा के परिजनों ने ग्रामीणों के साथ चक्काजाम भी कर दिया है।

जानकारी के मुताबिक घटना अंजोरा थाना स्थित थनोद मोड के पास की है। ग्राम चंगोरी निवासी ओजस्वी पारकर (13) अपने ग्राम आठवीं की कक्षा में पढ़ाई करती थी। वह अपने घर से ट्यूशन के लिए अंजोरा गई थी। शनिवार की सुबह ट्यूशन के बाद अपने घर चंगोरी जा रही थी। साथ में 2 सहेलियां भी थीं।

**2 सहेलियां ठोकर लगने से दूर जाकर गिरीं:** बताया जा रहा है कि तीनों अपनी-अपनी साइकिल से जा रहे थे। इसी बीच विपरीत दिशा से भूसा लोड ट्रक ने छात्रा ओजस्वी को अपनी चपेट में ले लिया। वह साइकिल समेत ट्रक के नीचे आ गई। वहीं उसकी 2 सहेलियां ठोकर लगने से दूर जाकर गिरीं। उन्हें भी चोटें आई है।

**गुस्साए ग्रामीण और परिजनों ने किया चक्काजाम:** घटना के बाद से ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने परिजनों के साथ ट्रक के सामने धरने पर बैठकर चक्काजाम कर दिया है। उनकी मांग है कि आरोपी ट्रक चालक पर कार्रवाई की जाए। पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिया जाए। मौके पर पुलिस बल भी तैनात है।

**ओजस्वी के पिता ड्राइवर हैं, सबसे छोटी बेटी थी:** घटना में मृत ओजस्वी पारकर के पिता भोजेंद्र पारकर ने बताया कि वह भी ड्राइवर है। ओजस्वी के2 भाई बहन हैं। फिलहाल ट्रक के नीचे रखी डेड बॉडी को नहीं उठाया है। भोजेन्द्र पारकर ने बताया कि ट्रक का मालिक या कोई जिम्मेदार आएगा, तभी हम शव को वहां से उठाएंगे।

पुलिस ने बताया कि फिलहाल आरोपी ट्रक ड्राइवर को पकड़ लिया गया है। पुलिस आगे की जांच कर रही है।

# हत्या और रेप के 2 आरोपियों को उम्रकैद की सजा

## उत्कृष्ट जांच करने पर बिलासपुर आईजी ने टीआई गोपाल सतपथी को किया पुरस्कृत



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** कोर्ट ने हत्या और बलात्कार के दो अलग-अलग मामलों में आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इस मामले में उत्कृष्ट विवेचना करने पर पुलिस महानिरीक्षक डॉ. संजय शुक्ला ने कोनी थाना प्रभारी गोपाल सतपथी को पुरस्कृत भी किया है।

जिला जांजगीर चांपा के थाना जैजैपुर में आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज है। द्वितीय अपर सत्र न्यायालय सक्ती ने आरोपी नंदकुमार गोंड़ उर्फ नंदू गोड़ (28) निवासी तुषार सबरियाडेरा को आजीवन कारावास की सजा दी है। इस प्रकरण की विवेचना निरीक्षक गोपाल सतपथी ने वहां पदस्थापना के दौरान की थी।

**बलात्कारी को आजीवन को भी उम्रकैद:** निरीक्षक सतपथी ने थाना बलौदा में पास्को एक्ट के प्रकरण की भी विवेचना की थी। इस मामले में प्रथम अपर सत्र न्यायालय (पास्को एक्ट) जांजगीर ने आरोपी किशन कुमार बंजारे (33) निवासी ठडगाबहरा को उम्रकैद की सजा मिली है।

**आईजी ने दिया इनाम:** इन दोनों मामले में तत्कालीन निरीक्षक गोपाल सतपथी ने उत्कृष्ट विवेचना कर मामले का चालान जल्द न्यायालय में पेश किया था। उनके उत्साहवर्धन के लिए पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज डॉ. संजय शुक्ला ने 1000-1000 का नगद पुरस्कार देने के लिए नाम भेजा गया। पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने भी उत्कृष्ट विवेचना के लिए कोनी थाना प्रभारी की सराहना की है।

### पेड़ से टकराई अनियंत्रित बाइक, युवक की मौत

# ममेरी बहन की शादी से लौट रहा था, हादसे के बाद लोगों की जुटी भीड़

**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** बिलासपुर में तेज रफ्तार बाइक से गिरकर युवक की मौत हो गई। युवक शुक्रवार को अपनी ममेरी बहन की शादी में शामिल होकर घर लौट रहा था, तभी उसकी तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर मोड़ पर पेड़ से टकरा गई, जिससे गंभीर रूप से घायल युवक ने दम तोड़ दिया। घटना रतनपुर-केंदा रोड की है।

सरकंडा के बंधवापारा अरविंद नगर निवासी शुभम मानिकपुरी (20) प्राइवेट जॉब करता था। बेलगहना में उसका मामा घर है। गुरुवार को उसके मामा की बेटी की शादी थी। वह शादी में शामिल होने के लिए बेलगहना गया था। गुरुवार को वैवाहिक आयोजन में शामिल होने के बाद शुक्रवार को दोपहर वह बाइक में सवार होकर अपने घर जाने के लिए निकला था।

**मोड़ पर पेड़ से टकराई अनियंत्रित बाइक:** युवक अभी बेलगहना से होकर रतनपुर तरफ आ रहा था। उसी समय केंदा के आगे मोड़ पर उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई। बताया जा रहा है कि बाइक की रफ्तार काफी तेज थी। मोड़ पर युवक ने नियंत्रण खो दिया। उसकी बाइक पेड़ से जा टकराई। इस हादसे में वह बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल पड़ा था।

**मोबाइल से दी परिजन को जानकारी:** इस हादसे के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। उन्होंने युवक के मोबाइल से उसके परिजन को घटना की जानकारी दी। खबर मिलते ही उसके मामा सहित अन्य परिजन घटनास्थल पहुंच गए। लेकिन, तब तक युवक की मौत हो गई थी। इस घटना की जानकारी पुलिस को दी गई, जिसके बाद उसके शव को अस्पताल रवाना किया गया। पुलिस इस मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

# छत्तीसगढ़ में युवक की मौत पर हंगामा

## परिजन ने किया थाने का घेराव, पुलिस की पिटाई से जान जाने का आरोप





**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में एक युवक की संदिग्ध हालत में लाश मिली है। आरोप है कि युवक की जान पुलिस की पिटाई से गई है। परिजन और दोस्तों ने हत्या की आशंका जताई है। शरीर में कई जगह गंभीर चोट के निशान हैं। शव को देखकर परिजनों ने हंगामा कर दिया है। वारदात कोनी थाना क्षेत्र की है।

युवक के दोस्त विष्णु साहू ने बताया कि वह अपने दोस्त रोशन और अजरंग साहू के साथ घूमने गया था। तीनों रात 10 बजे तक साथ थे। दोनों रोशन को घर छोड़कर चले गए। शनिवार सुबह पुलिस का ड्राइवर आया। उसने बताया कि रोशन की मौत हो गई है। जब सुबह 9 बजे वहां पहुंचे, तो लाश पड़ी थी। शरीर में जगह-जगह चोट के निशान हैं।

**पुलिस ने बनाई फिल्मी कहानी:** पुलिस ने इस पूरे मामले में फिल्मी कहानी बनाई है। पुलिस का कहना है कि 7 जून की रात करीब डेढ़ बजे नेशनल हाईवे लोखंडी ओवर ब्रिज के पास 2 मोटरसाइकिल में सवार चार अज्ञात लोग एक स्वराज माजदा के ड्राइवर और हेल्पर को डरा धमका कर लूट की कोशिश कर रहे थे।

**दोस्त खेत में उतरकर भाग गया:** इस दौरान कोनी पुलिस पेट्रोलिंग पर थी। अंधेरे में एक युवक को पकड़ लिया गया। वहीं, उसका दोस्त खेत में उतरकर भाग गया। सुबह पता चला कि उसकी मौत हो गई है। पुलिस का दावा है कि एक आरोपी हिरासत में है। एक शराब के नशे में भाग गया, जिसकी जांच हो रही है। बताया जा रहा है कि जिस गाड़ी में लूटपाट बताई जा रही है, वह गाड़ी तीन दिन से खराब पड़ी है।

**जांच का आश्वासन देकर कराया शांत:** परिजनों ने शव को कोनी थाना के बाहर रखकर निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा कर दिया।

बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी और कई थानेदार पहुंच गए। सभी ने भरोसा दिलाया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकता है। निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की जाएगी, जिसके बाद भीड़ शांत हुई।

# बंद कमरे में मिली दो भाइयों की लाश

## दरवाजा तोड़कर घर में घुसी पुलिस, हत्या और आत्महत्या के एंगल से जांच



**मीडिया ऑडीटर, दुर्ग एजेंसी।** दुर्ग जिले में हारून ग्रीन्स कॉलोनी के एक घर में दो लगे भाइयों की सड़ी-गली हालत में लाशें मिली हैं। कॉलोनी के लोगों को जब दुर्गंध आई तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो दरवाजा अंदर से बंद था, लिहाजा दरवाजा तोड़ना पड़ा। अंदर दोनों भाइयों के शव पड़े थे। कुम्हारी पुलिस हत्या और आत्महत्या दोनों एंगल से जांच कर रही है।

कुम्हारी पुलिस के मुताबिक उन्हें शुक्रवार शाम 6.30 बजे फोन आया था कि कॉलोनी के एक मकान से तेज दुर्गंध आ रही है। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। जहां 2 सगे भाइयों सुधांशु शर्मा और हिमांशु शर्मा के शव सड़े-गले हालत में पड़े थे। इसके बाद दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया गया।

**मकान से दुर्गंध आई तब लोगों को हुआ शक:** पूछताछ में कॉलोनीवासियों ने बताया कि दोनों भाइयों को पिछले 2 दिन से किसी ने नहीं देखा था। आसपास के लोगों को उनके मकान से जब दुर्गंध आई, तब पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने सुधांशु और हिमांशु के परिजनों को बुलाया है। बताया जा रहा है कि दोनों के माता-पिता का पहले ही निधन हो चुका है। उसी कॉलोनी में उनके कुछ रिश्तेदार भी रहते हैं।

**नशे के आदी थे दोनों भाई:** पूछताछ में रिश्तेदारों ने बताया कि माता-पिता की मौत के बाद से दोनों भाई काफी सदमे में थे। दोनों काम पर भी ध्यान नहीं देते थे और शराब पीने के आदी हो गए थे। पुलिस को आशंका है कि दोनों भाइयों ने मकान में बैठकर शराब पी और अधिक शराब पीने से उनकी मौत हुई।

पुलिस ने कहा कि मौत की वजह पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो पाएगी। फिलहाल, हर एंगल से तफ्तीश की जा रही है।

# बंधक बनाकर टिंबर व्यापारी के घर डकैती

## 30 तोला सोने के जेवर, फोन और 25 हजार लेकर भागे बदमाश, रास्ते में फेंका मोबाइल



**मीडिया ऑडीटर, दुर्ग एजेंसी।** दुर्ग जिले में एक टिंबर व्यवसायी के घर डकैती की वारदात हुई है। बदमाशों ने शुक्रवार देर रात घर में घुसकर उन्हें बंधक बनाया, फिर 30 तोला सोने के जेवर और 25 हजार रुपए कैश लूटकर भाग गए। आरोपी सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुए हैं। घटना अंजोरा थाना क्षेत्र के रसमडा गांव की है।

दरअसल, रसमडा निवासी व्यापारी दिलीप मिश्रा और उनकी पत्नी किरण मिश्रा शुक्रवार की रात घर में खाना खाकर देर रात सो हे थे। तभी करीब 3 बजे पांच बदमाशों ने उनके घर में धावा बोल दिया। बाउंड्रीवाल फांदकर अंदर आए और पीछे का दरवाजा तोड़कर घर में घुसे। फिर पति-पत्नी को चुनरी और रस्सी से बांधकर बंधक बनाकर रखा।

**बंधक बनाकर घर में लूट:** उसके बाद घर में कीमती सामान ढूंढने लगे। आरोपियों ने वहां से 30 तोला सोने के जेवर, 25 हजार रुपए नगद और दोनों के मोबाइल लूटकर वहां से भाग गए। सूचना मिलते ही पुलिस की क्राइम डीएसपी हेम प्रकाश नायक के नेतृत्व में क्राइम और अंजोरा चौकी की टीम मौके पर पहुंची। बताया जा रहा है कि आरोपियों ने घटना को अंजाम देने से पहले पास के खेत में बैठकर नशा किया था।

**सीसीटीवी फुटेज में घर में घुसते दिखे 5 युवक:** पुलिस की जांच में एक सीसीटीवी हाथ लगा है। जिसमें पांच बदमाश हाथों में डंडा और हथियार लिए घर में घुसते दिखाई दे रहे हैं। आशंका जताई जा रही है कि इस वारदात को चड्डी बनियान गिरोह ने अंजाम दिया है। जो झाबुआ, देवास और धार के होने की बात कही जा रही है।

**दोनों का मोबाइल रास्ते में फेंका:** आरोपियों ने घटना को अंजाम देने के बाद दोनों पति-पत्नी का मोबाइल भी साथ ले गए। जिसमें से एक मोबाइल घर के बाहर फेंका और दूसरा मोबाइल रसमडा पुलिया के पास फेंका था। जो घटना के बाद पुलिस ने ट्रैक किया, तब जाकर दोनों मोबाइल मिला।

**इकलौता बेटा हैदराबाद में:** व्यापारी का इकलौता बेटा हैदराबाद में नौकरी करता हैं। छुट्टियों में ही घर आता है। शुक्रवार को भी वह हैदराबाद में ही था, घर पर केवल पति-पत्नी ही थे। फिलहाल अंजोरा पुलिस और एसीसीयू की टीम आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

# मोटर पार्ट्स सेंटर में लगी आग

## बाइक समेत पूरी दुकान जलकर राख, सर्विसिंग सेंटर संचालक को 6 लाख का नुकसान



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में मुख्य मार्ग पेट्रोल पंप के पास ताज मोटर पार्ट्स सर्विसिंग सेंटर्स की दुकान में सुबह- सुबह आग लग गई। आग लग जाने से लगभग 6 लाख का नुकसान हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हाई स्कूल रोड में जेएमपी महाविद्यालय गेट के कुछ ही दूर आगे सोनू शाह, सिल्लु शाह का या ताज ऑटो पार्ट्स सर्विस सेंटर के नाम से मक्कड़ पेट्रोल पंप के ठीक सामने दुकान संचालित करते हैं।

**दुकान में अचानक आग लग गई:** सुबह-सुबह 5 बजे दुकान में अचानक आग लग गई, जिस दुकान में मोटर वहां के पार्ट्स, गद्दी, कव्हर सहित अन्य सामान जलकर राख हो गए। दमकल से जब तक आग में काबू पाया जाता, तब तक पूरी दुकान जलकर राख हो गई।

**बाइक भी जलकर राख:** सर्विसिंग के लिए आए अंदर रखी बाइक भी जलकर राख हो गई है। पुलिस मौके पर पहुंच गई है। मामले में जांच जारी है। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है

# इलेक्ट्रॉनिक गोदाम में चोरी का खुलासा

## 3 आरोपियों को घेराबंदी कर पुलिस ने पकड़ा, एलईडी टीवी, होम थिएटर समेत कई सामान जब्त




**मीडिया ऑडीटर, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर एजेंसी।** मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में इलेक्ट्रॉनिक गोदाम में हुई चोरी का खुलासा हुआ है। मनेंद्रगढ़ थाना पुलिस ने चोरी को सुलझाते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों के पास से 4 एलईडी टीवी, ऐग्जास्ट 1 नग, होम थियटर 1 नग, स्पीकर 2 नग बरामद किया गया।

जानकारी के मुताबिक, प्रार्थी कौशलेश शिवहरे ने मनेंद्रगढ़ थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके इलेक्ट्रॉनिक सामान के गोदाम से 31 मई से 4 जून के बीच चोरी हुई है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर केस दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई।

**लॉज के पास घेराबंदी कर पकड़ा:** पतासाजी के दौरान सूचना मिली कि मौहारपारा के रहने वाले शाहिद खान, वसीम खान, महेन्द्र सिंह धुर्वे उर्फविजय रात में अग्रवाल लॉज की तरफ घूम रहे थे। इसके बाद इसकी सूचना एसपी चन्द्रमोहन सिंह को दी गई और एएसपी के निर्देश पर मुखबिर सक्रिय किए गए।

मुखबिर की सूचना पर थाना मनेन्द्रगढ़ टीम ने संदेही आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ करने पर तीनों ने गोदाम से चोरी की वारदात को अंजाम देना कबूल कर लिया। तीनों के पास से चोरी के सामान भी जब्त किए गए हैं।आरोपियों को को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

# छत्तीसगढ़ में मानसून की एंट्री

## सुकमा के रास्ते तय समय से पहले पहुंचा, बस्तर संभाग में अगले 5 दिन बारिश की चेतावनी






**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में सुकमा से मानसून की एंट्री हो गई है। अगले 5 दिनों तक बस्तर संभाग के सभी जिलों में हल्की से मध्यम बारिश जारी रहेगी। शुक्रवार को प्रदेश में सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान 43.6 डिग्री डोंगरगढ़ में रिकॉर्ड किया किया। वहीं, सबसे कम न्यूनतम तापमान 20.3 डिग्री नारायणपुर में दर्ज किया गया। इस साल मानसून अपने तय समय से पहले छत्तीसगढ़ पहुंचा है। मौसम विभाग ने आज बस्तर संभाग के जिलों में बिजली गिरने के का यलो अलर्ट जारी किया है। आज रायपुर में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे।

**पिछले 24 घंटे में यहां हुई बारिश:** पिछले 24 घंटे के दौरान बस्तर में कई जगहों पर अच्छी बारिश हुई है। खासकर बीजापुर में 50 मिलीमीटर, कोंडागांव में 17.4 और नारायणपुर में16.4 मिमी बारिश हुई। इसके अलावा बलौदाबाजार, दरभा और गुरुर में 20 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई है।

**इन जिलों में आज बारिश के आसार:** मौसम विभाग के मुताबिक आज बस्तर, कोंडागांव, दंतेवाड़ा और सुकमा जिले में कई जगह बारिश के आसार हैं। कांकेर, बीजापुर, नारायणपुर, गरियाबंद और धमतरी जिले में भी के कुछ स्थानों पर बारिश की संभावना है।

**बस्तर संभाग में वज्रपात का यलो अलर्ट:** मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के लिए बस्तर संभाग के जिलों में बिजली गिरने की संभावना जताई है। इसके लिए यलो अलर्ट भी जारी किया गया है। मौसम विभाग ने लोगों से बिजली गरजने के दौरान एहतियात बरतने की भी अपील की है।

**शुक्रवार को ऐसा रहा तापमान:** छत्तीसगढ़ में ज्यादातर जिलों मे तापमान 40 से 42 डिग्री के बीच बना हुआ है। दुर्ग में अधिकतम तापमान 42.5 डिग्री और रायपुर में 42.3 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। बिलासपुर में पारा 42.2 और सरगुजा में पारा 41.1 डिग्री रहा। रायपुर में दिन में गर्मी रही, लेकिन शाम होते ही अंधड़ चलने के कारण लोगों को गर्मी से राहत मिली। आसपास के इलाकों में बारिश की वजह से हल्की ठंडी हवा भी चलने लगी।

**जगदलपुर में पारा समान्य से नीचे:** बस्तर संभाग के जिलों में बादल छाए रहने और हल्की बारिश के कारण दिन का तापमान सामान्य के कम हो गया है। शुक्रवार को जगदलपुर में दिन का तापमान 34.7 डिग्री रहा, जो सामान्य से करीब 2 डिग्री कम है। वहीं, बस्तर में तापमान 34.7 डिग्री, नारायणपुर में 34.8 डिग्री, बीजापुर में 34.8 डिग्री और दंतेवाड़ा में 36 डिग्री रहा।

# ब्रिज से लेकर गदा चौक तक अवैध दुकानों पर एक्शन

**भिलाई एजेंसी।** भिलाई नगर निगम ने अतिक्रमण के खिलाफ शनिवार तड़के कार्रवाई की है। निगम की टीम सुपेला चौक पर पहुंची। टीम ने गदा चौक से लेकर सुपेला में बने नए अंडर ब्रिज तक जितनी भी दुकानें सड़क तक लगी थीं, सभी को हटा दिया है। सुपेला का नया अंडर ब्रिज शुरू होने के बाद भिलाई टाउन जाने वाला ट्रैफिक यहीं से गुजरता है।

# पहली बार चांद तक पहुंचने वाले एस्ट्रोनॉट का प्लेन क्रैश होने से मौत

## 90 की उम्र में अकेले उड़ान भरी थी, 56 साल पहले चांद के 10 चक्कर लगाए



**अमेरिका ( एजेंसी )।** अमेरिका में अपोलो 8 मिशन के एस्ट्रोनॉट बिल ऐन्डर्स की शुक्रवार देर रात एक प्लेन क्रैश में मौत हो गई। 90 साल के ऐन्डर्स इंसानों को लेकर चांद की कक्षा में जाने वाले पहले मिशन अपोलो 8 का हिस्सा थे। बीबीसी न्यूज के मुताबिक, शुक्रवार को बिल वॉशिंगटन में अकेले एक छोटा प्लेन उड़ा रहे थे।

यह प्लेन सिएटल के उत्तरी इलाके में स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 11:40 बजे पानी में क्रैश हो गया। इसके बाद सर्च टीम को प्लेन की क्रैश साइट पर एंडर्स का शव मिला। उनके बेटे ग्रेग ने उनकी मौत की पुष्टि की है।

अमेरिका का फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन प्लेन क्रैश की जांच कर रहा है। अमेरिकी एयरफोर्स का हिस्सा रह चुके मेजर एन्डर्स 1968 में कर्नल फ्रैंक बोरमैन और कैप्टन जेम्स लोवेल के साथ अपोलो 8 मिशन के लिए रवाना हुए थे।

अपने मिशन के दौरान उन्होंने चांद और पृथ्वी की कई तस्वीरें ली थीं। इस मिशन का लक्ष्य अपोलो 11 की तैयारी करना था, जिसमें पहली बार इंसान चांद पर कदम रखने वाला था। 24 दिसंबर 1968 को चांद के 10 चक्कर लगाने के दौरान तीनों एस्ट्रोनॉट्स ने चांद के क्षितिज से ऊपर उठती पृथ्वी की कई तस्वीरें लीं।वह काले अंतरिक्ष में एक नीले मार्बल की तरह नजर आ रही थी। मेजर एन्डर्स ने इस नजारे की पहली कलर्ड तस्वीर क्लिक की थी। बाद में यह तस्वीर पूरी दुनिया में वायरल हुई और इसे अर्थराइज नाम दिया गया। 1969 में पोस्टेज स्टैम्प पर भी इस तस्वीर को छापा गया था।

अपोलो 8 मिशन के अलावा बिल अपोलो 11 मिशन में भी बैकअप पायलट थे। ये वही मिशन था, जिसके तहत नील आर्मस्ट्रॉन्ग ने 24 जुलाई 1969 को चांद पर पहला कदम रखा था। बिल एन्डर्स का जन्म 17 अक्टूबर 1933 को हॉन्गकॉन्ग में हुआ था। उनके पिता चीन की नेवी में काम करते थे। जुलाई 1937 में चीन पर जापान के हमले के बाद बिल अपनी मां के साथ फिलिपींस चले गए। इसके बाद वे अमेरिका चले गए। उन्होंने नेवल एकेडमी से पढ़ाई की।

अपोलो 8 मिशन के बाद एन्डर्स 1969 में नासा और अमेरिकी एयरफोर्स से रिटायर हो गए। इसके बाद उन्होंने अमेरिका के नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस काउंसिल में में एग्जीक्यूटिव सेक्रेटरी का पद संभाला। 1970 के दशक में वे एक साल के लिए नॉर्वे में अमेरिका के राजदूत भी रह चुके हैं।

# 91 साल का कनाडाई अरबपति रेप के आरोप में गिरफ्तार

## फ्रैंक स्ट्रोनक पर 40 साल तक कई महिलाओं के शोषण का आरोप

**कनाडा ( एजेंसी )।** कनाडा के मशहूर बिजनेसमैन फ्रैंक स्ट्रोनक को शुक्रवार को यौन उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तार किया गया। स्ट्रोनक दुनिया की सबसे बड़ी ऑटो पार्ट्स कंपनी के फाउंडर हैं। पुलिस ने स्ट्रोनक को फिलहाल कुछ शर्तों पर रिहा कर दिया है। उन्हें बाद में ब्रैम्पटन, ओंटारियो की एक अदालत में पेश होना होगा।

कनाडा की पील रिजनल पुलिस ने एक बयान में कहा कि 91 साल के स्ट्रोनक पर 80 के दशक से लेकर 2023 तक महिलाओं का यौन उत्पीड़न करने का आरोप है। मशहूर बिजनेसमैन पर रेप, यौन उत्पीड़न, महिला को जबरन कैद रखने समेत पांच अपराधों में आरोपी बनाया गया है।



पील रिजनल पुलिस कॉन्स्टेबल टेलर बेल ने कहा कि बिजनेसमैन पर एक से अधिक महिलाओं ने शोषण का आरोप लगाया है। हालांकि उन्होंने ये जानकारी नहीं दी कि कितनी महिलाओं ने ये आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह एक हाई-प्रोफाइल मामला है। हमारी टीम के पास पीड़ितों की सुरक्षा की जिम्मेदारी है। उनकी सुरक्षा के कारण हम ये नहीं बताने जा रहे हैं कि कुल कितनी पीड़िताओं ने स्ट्रोनक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। बेल ने कहा कि वे लोगों से अपील कर रहे हैं कि अगर स्ट्रोनक से जुड़ी कोई जानकारी उनके पास है या उनके साथ भी शोषण किया गया है तो वे आगे आएं।

स्ट्रोनक का जन्म 1932 में ऑस्ट्रिया में हुआ था। वे 6 साल के थे तभी उनके देश पर हिटलर की नाजी सेना का कब्जा हो गया। उनका बचपन ग्रेट डिप्रेशन और दूसरे विश्वयुद्ध के दौर में बीता। 14 साल की उम्र में स्ट्रोनक ने पढ़ाई छोड़ दी। वे छोटे मोटे काम करने लगे। इस दौरान उन्होंने पार्ट-पुर्जे की कंपनी में काम किया। उन्होंने प्रिंटिंग प्रेस में डाईमेकर का काम किया।

# हाउस पर शाह-नड्डा की बैठक, आज शपथ

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** नरेंद्र मोदी 9 जून 2024 की शाम 7.15 बजे लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। मोदी के साथ एनडीए के 14 सहयोगी दलों के 18 सांसद भी मंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। इनमें 7 कैबिनेट और बाकी 11 स्वतंत्र प्रभार और राज्यमंत्री के रूप में शपथ ले सकते हैं। हालांकि, इसकी आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। माना जा रहा है 3 दर्जन से अधिक सांसद मंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। टीडीपी और जेडीयू से 2-2 और शिवसेना से एक कैबिनेट मंत्री बन सकते हैं। सूत्रों का कहना है कि इसके अलावा एनसीपी एलजेपी और जेडीएस के कोटे से कैबिनेट मंत्री शपथ ले सकते हैं। जेडीयू नेता केसी त्यागी ने दावा किया कि, नीतीश कुमार को इंडिया ब्लॉक से पीएम बनाने का ऑफर मिला था। मगर उन्होंने ठुकरा दिया क्योंकि अब पीछे देखने का सवाल ही नहीं है। उधर अमित शाह और जेपी नड्डा मोदी आवास पहुंचे। यहां मंत्रिमंडल को लेकर चर्चा हो सकती है। टीडीपी के एक सांसद ने बताया कि किस दल से कितने मंत्री बनाए जाएंगे, इसका फॉर्मूला पहले ही तय किया जा चुका है। इसको लेकर सार्वजनिक रूप से किसी तरह की चर्चा करने की कोई जरूरत नहीं है। सभी इस बात पर सहमत हैं कि पीएम जिसे जो जिम्मेदारी देंगे, वे उसे निभाएंगे। जेडीयू सांसद लवली आनंद ने रेलवे मंत्रालय के सवाल पर कहा, बिल्कुल (जदयू को) मिलना चाहिए। पहले भी ऐसा ही था। जदयू सांसदों ने बिहार के लिए विशेष राज्य के दर्जे की भी बात फिर दोहराई है। इससे पहले नरेंद्र मोदी को शुक्रवार 7 जून को लगातार तीसरी बार एनडीए का नेता चुना गया। पुराने संसद भवन के सेंट्रल हॉल में एनडीए संसदीय दल की बैठक हुई। इसमें जेडीयू के सभी 293 लोकसभा सांसदों, राज्यसभा सांसद और सभी राज्यों के मुख्यमंत्री और डिप्टी श्रृरूकी मौजूदगी में सुबह 11 बजे इस पर मुहर लगाई गई। इसके बाद दोपहर 3 बजे सरकार बनाने का दावा पेश किया। गठबंधन के नेताओं ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को समर्थन का पत्र सौंपा। फिर शाम 6 बजे मोदी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिले। राष्ट्रपति ने उन्हें सरकार बनाने का न्योता दिया।

# मणिपुर में बुजुर्ग की हत्या से फिर भड़की हिंसा

**इंफाल ( एजेंसी )।** मणिपुर के जिरिबाम जिले में गुरुवार शाम को मैतेई बुजुर्ग की हत्या के विरोध में इलाके में हिंसा भड़क गई है। मृतक की पहचान 59 साल के सोइबाम सरतकुमार सिंह के तौर पर हुई है। वह गुरुवार सुबह अपने खेत के लिए निकले थे, बाद में उनकी डेडबॉडी मिली जिसपर किसी धारदार हथियार से घाव किए गए थे। इस घटना के बाद गुस्साए गांववालों ने जिरिबाम पुलिस स्टेशन के सामने विरोध प्रदर्शन किया और कहा कि चुनाव से पहले उनसे जो लाइसेंस वाले हथियार लिए गए थे, वे उन्हें लौटा दिए जाएं। जिले में कर्फ्यू लगा दिया गया है। मणिपुर पुलिस ने इंफाल में मौजूद स्टेट पुलिस कमांडो अधिकारियों को शनिवार को जिरिबाम पहुंचने का निर्देश दिया है। हिंसा के चलते 200 से ज्यादा मैतेई लोगों को घरों से निकाल कर सुरक्षित जगहों पर भेजा गया है। कई गांव वाले अब जिरि स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में रह रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक जिरि स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में रह रहे लोगों के गांव वाले घरों को उग्रवादियों ने जला दिया था। मैतेई बुजुर्ग की हत्या और लोगों के घरों में आग लगाने के पीछे कुकी उग्रवादियों का नाम आ रहा है। वहीं मणिपुर हिंसा का प्रमुख सूत्रधार थोंग्मिन्थांग हाओकिप उर्फ थांग्बोई हाओकिप उर्फ रोजर 6 जून को इंफाल एयरपोर्ट से पकड़ा गया है।

# जनता ने कांग्रेस में नई जान फूंकी, सोनिया, खरगे, राहुल व प्रियंका ने जोरदार प्रचार अभियान चलाया-कार्य समिति

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) ने लोकसभा चुनाव में पार्टी के अच्छे प्रदर्शन के लिए पार्टी नेतृत्व की सराहना करते हुए प्रस्ताव पारित किया और कहा कि अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी तथा महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने इस चुनाव में जोरदार प्रचार अभियान की अगुवाई की। कार्य समिति ने देश के लोगों का आभार जताते हुए कहा कि जनता ने कांग्रेस में नई जान फूंक दी है और पार्टी अब पुनरुत्थान के मार्ग पर मज़बूती से आगे बढ़ रही है। कार्य समिति द्वारा पारित प्रस्ताव में कहा गया है, ‘‘ देश की जनता ने पिछले एक दशक के शासन की प्रकृति और शैली दोनों को निर्णायक रूप से नकार दिया है। लोकसभा चुनाव का ये जनादेश न केवल प्रधानमंत्री की राजनीतिक हार है , बल्कि उनकी



नैतिक हार भी है। प्रस्ताव में आगे कहा गया , ‘‘ कांग्रेस को पुनरुत्थान के मार्ग पर मज़बूती से लाने के लिए कार्य समिति देश के लोगों को धन्यवाद देती है। कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता मज़बूती से डटे रहे।

# मनोज जारंगे फिर आमरण अनशन पर बैठे

**मुंबई ( एजेंसी )।** मराठा आरक्षण की मांग का मुद्दा एक बार फिर उठ गया है। मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जरांगे फिर से आमरण अनशन पर बैठ गए हैं। उनका कहना है कि अगर इस बार मराठा आरक्षण नहीं मिला तो वे महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा, अगर हमारी मांगे पूरी नहीं हुई तो हम आने वाले विधानसभा चुनाव में सभी 288 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेंगे। इसमें सभी जाति और धर्म के उम्मीदवार शामिल होंगे। तो इसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

# नीतीश कुमार को इंडिया गठबंधन से पीएम पद का आफर

**पटना ( एजेंसी )।** 9 जून दिन रविवार को नरेंद्र मोदी शाम 5 बजे राष्ट्रपति भवन में शपथ ग्रहण करेंगे। इसको लेकर सभी तरह की तैयारियां चल रही हैं। शपथ ग्रहण समारोह के चलते दिल्ली में किसी भी तरह का पैराग्लाइडिंग,ड्रोन, पैराजंपर और रिमोट ऑपरेटेड उपकरण के उड़ान पर पाबंदी लगा दी गई है। दिल्ली पुलिस ने पूरी नई दिल्ली में नो फ्लाइंग जोन घोषित कर दिया है। बता दें कि दिल्ली में 2 दिन के लिए ड्रोन, पैराग्लाइडर्स या ऐसी कोई भी चीज उड़ाने पर पाबंदी लगाई गई है। इसी बीच जेडीयू के विरिष्ठ नेता केसी



त्यागी ने यह दावा किया है कि बिहार के सीएम नीतीश कुमार को इंडिया गठबंधन की ओर से प्रधानमंत्री का पद ऑफर किया गया है। कल रात भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के घर एनडीए गठबंधन के नेताओं की बैठक हुई। इस बैठक में मंत्रालयों को लेकर चर्चा हुई।

सूत्रों की मानें तो एनडीए की सहयोगी जनता दल युनाइटेड और तेलुगू देशम पार्टी समेत अन्य पार्टियों ने बीजेपी के सामने अपनी मांग रख दी है। मोदी 3.0 कैबिनेट का चेहरा कैसा होगा, इस पर पूरे देश की नजरें टिकी हुई हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मोदी के 3.0 कैबिनेट में कई सहयोगी दलों के सांसदों को भी शामिल होने की संभावना है।

# पीएम मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में दो महिला लोको पायलट सुरेखा और ऐश्वर्या को मिला निमंत्रण

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय रेलवे के अधिकारियों ने शुक्रवार को जानकारी दी है कि दो वंदे भारत महिला लोको पायलट सुरेखा यादव और ऐश्वर्या एस मेनन तीसरे कार्यकाल के लिए प्रधान मंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। वे 9 जून को नई दिल्ली में होने वाले समारोह के लिए आमंत्रित 10 लोको पायलटों में से हैं। जबकि सुरेखा एशिया की पहली महिला लोको पायलट हैं और वह छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-सोलापुर से वंदे भारत ट्रेन का संचालन करती हैं, ऐश्वर्या चेन्नई डिवीजन की एक



अनुभवी लोको पायलट हैं। पश्चिमी महाराष्ट्र क्षेत्र के सतारा की रहने वाली सुरेखा 1988 में भारत की पहली महिला ट्रेन ड्राइवर बनीं। उन्होंने अपनी उपलब्धियों के लिए अब तक राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर कई पुरस्कार जीते हैं।

# मिलने वाली है बड़ी राहत, पूरे मध्य भारत में मानसून आगे बढ़ा, इन राज्यों में भारी बारिश का अनुमान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत मौसम विज्ञान विभाग ने शनिवार को कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून मध्य अरब सागर, दक्षिण महाराष्ट्र, तेलंगाना और दक्षिण छत्तीसगढ़ और दक्षिण ओडिशा के कुछ हिस्सों के साथ-साथ तटीय आंध्र प्रदेश के अतिरिक्त क्षेत्रों में आगे बढ़ गया है। मौसम पूर्वानुमान एजेंसी ने अगले 2-3 दिनों में मध्य अरब सागर के शेष हिस्सों और मुंबई और तेलंगाना सहित महाराष्ट्र के अतिरिक्त क्षेत्रों में मानसून के आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियों की सूचना दी है। अगले पांच दिनों में पूरे महाराष्ट्र और तटीय और उत्तरी आंतरिक कर्नाटक में भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है। महाराष्ट्र में 8 से 11 जून तक और कर्नाटक में 8 और 9 जून को अत्यधिक भारी वर्षा होने की



संभावना है। कोंकण और गोवा, मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा, कर्नाटक, केरल और माहे और लक्षद्वीप में गरज, बिजली और तेज़ हवाओं (40-50 किमी प्रति घंटे) के साथ व्यापक रूप से हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है।

# देश को बदलाव की जरूरत है, भाजपा पर तंज कसते हुए बोलीं ममता बनर्जी

**कोलकाता ( एजेंसी )।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष चुनी गईं। पार्टी सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय को लोकसभा में पार्टी का नेता, डॉ. काकोली घोष दस्तीदार को लोकसभा का उपनेता, कल्याण बनर्जी को मुख्य सचेतक चुना गया है। पार्टी ने बताया कि टीएमसी सांसद डेरेक ओ%ब्रायन को राज्यसभा में पार्टी का नेता चुना गया, पार्टी नेता सागरिका घोष को उपनेता और नदीमुल हक को मुख्य सचेतक चुना गया। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि मुझे अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस संसदीय दल का अध्यक्ष, पार्टी सांसद सुदीप बंदोपाध्याय को लोकसभा में पार्टी का नेता, डॉ. काकोली घोष दस्तीदार को लोकसभा में उपनेता, कल्याण बनर्जी को मुख्य सचेतक चुना गया है। टीएमसी सांसद डेरेक ओ%ब्रायन को राज्यसभा में पार्टी का नेता, सागरिका घोष को उपनेता और नदीमुल हक को मुख्य सचेतक चुना गया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मुझे खेद है, लेकिन मैं एक असंवैधानिक, अवैध पार्टी को सरकार बनाने के लिए शुभकामनाएं नहीं दे सकती। ममता बनर्जी ने कहा कि मेरी शुभकामनाएं देश के लिए होंगी।

# सीडब्ल्यूसी की बैठक में प्रस्ताव पारित राहुल गांधी होंगे लोकसभा में विपक्ष के नेता

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कांग्रेस कार्यसमिति ने प्रस्ताव पारित कर दिया है कि पार्टी सांसद राहुल गांधी को लोकसभा में विपक्ष का नेता नियुक्त किया जाना चाहिए। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश के रायबरेली और केरल के वायनाड से लोकसभा चुनाव जीता है। सीडब्ल्यूसी की बैठक के बाद कांग्रेस सांसद कुमारी शैलजा ने कहा, सीडब्ल्यूसी की इच्छा थी कि राहुल गांधी को विपक्ष का नेता चुना जाए। वरिष्ठ कांग्रेस नेता और अलपुझा से नवनिर्वाचित सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा, सीडब्ल्यूसी ने सर्वसम्मति से राहुल गांधी जी से लोकसभा में विपक्ष के नेता की जिम्मेदारी संभालने का अनुरोध किया। सीडब्ल्यूसी के प्रस्ताव में चुनाव प्रचार में राहुल गांधी के प्रयासों की प्रशंसा की गई।



उन्होंने कहा, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी को मुख्य रूप से भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा के कारण अलग से उल्लेखित किया जाना चाहिए, जिसे उन्होंने डिजाइन किया और जिसका नेतृत्व किया। उनकी सोच और व्यक्तित्व को प्रतिबिंबित करने वाली ये दोनों यात्राएं हमारे देश की राजनीति में ऐतिहासिक मोड़ थीं और उन्होंने हमारे लाखों कार्यकर्ताओं और करोड़ों मतदाताओं में आशा और विश्वास का संचार किया।

राहुल गांधी का चुनाव अभियान एकनिष्ठ, तीक्ष्ण और सटीक था और किसी भी अन्य व्यक्ति की तुलना में यह वह व्यक्ति था जिसने 2024 के चुनावों में हमारे गणतंत्र के संविधान की रक्षा को केंद्रीय मुद्दा बनाया। पांच न्याय-पच्चीस गारंटी कार्यक्रम जो चुनाव अभियान में बहुत शक्तिशाली रूप से प्रतिध्वनित हुआ, वह राहुलजी की यात्राओं का परिणाम था जिसमें उन्होंने सभी लोगों, विशेष रूप से युवाओं, महिलाओं, किसानों, श्रमिकों, दलितों, आदिवासियों, ओबीसी और अल्पसंख्यकों की आशंकाओं, चिंताओं और आकांक्षाओं को सुना।

# महाराष्ट्र में बारिश-बिजली से 8 की मौत

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** देश के दक्षिणी राज्यों को कवर करने के बाद छत्तीसगढ़ में शनिवार (8 जून) को मानसून की एंट्री हुई। मौसम विभाग के मुताबिक आज मानसून महाराष्ट्र के दक्षिणी इलाकों, तेलंगाना, दक्षिणी छत्तीसगढ़, दक्षिणी ओडिशा और आंध्र प्रदेश के तटीय इलाकों में दाखिल हो गया है। महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक और केरल के तटीय इलाकों में भारी बारिश की चेतावनी दी है। साथ ही गोवा में अगले चार दिन तक मछुआरों को समुद्र में न जाने की चेतावनी दी गई है। केरल के कालीकट एयरपोर्ट पर खराब मौसम के कारण शनिवार सुबह दुबई से आ रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की एक फ्लाइट को कोच्चि डायवर्ट कर दिया गया। एयरलाइन सूत्रों ने बताया कि 173 यात्रियों के साथ एआई एक्सप्रेस की फ्लाइट सुबह 2.47 बजे कोच्चि एयरपोर्ट पर उतरी। करीब सात घंटे बाद सुबह करीब 9:30 बजे फ्लाइट कोच्चि से कालीकट रवाना हुई। महाराष्ट्र के मराठवाड़ा में पिछले एक हफ्ते से बारिश के कारण आई बाढ़ और बिजली गिरने से 8 लोगों की मौत हो गई है। इनमें से 6 की मौत बिजली गिरने से हुई है। मराठवाड़ा में 113 जानवरों की मौत की भी सूचना है। लातूर में एक महिला बाढ़ में बह गई।

# नीट परीक्षा को रद्द करने की मांग की

**मुंबई ( एजेंसी )।** महाराष्ट्र सरकार ने पिछले महीने हुई (नीट-यूजी) को तत्काल रद्द करने की मांग करते हुए आरोप लगाया कि नतीजों में राज्य के छात्रों के साथ अन्याय हुआ है। देश के 571 शहरों के 4,750 केंद्रों पर पांच मई को नीट-यूजी की परीक्षा का आयोजन किया गया था और चार जून को इसका परिणाम जारी किया गया था, जिसके बाद अभ्यार्थियों ने परिणाम में धांधलेबाजी का आरोप लगाते हुए बताया कि 67 अभ्यर्थियों को शीर्ष रैंक के साथ 720/720 अंक मिले हैं, जिसमें हरियाणा के एक ही परीक्षा केंद्र के छह अभ्यार्थी शामिल हैं। परिणामों में अनियमितता के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों में किए गए बदलाव और परीक्षा केंद्रों पर समय लगने पर दिए गए ग्रेस अंक कुछ ऐसे कारण कारण हैं जिनसे छात्रों को अधिक अंक मिले हैं।

# अखिलेश यादव विधानसभा सीट छोड़ेंगे



**लखनऊ ( एजेंसी )।** कन्नौज से सांसद का चुनाव जीतने के बाद अखिलेश यादव ने अपनी विधानसभा करहल को छोड़ने का निर्णय लिया है। इसकी घोषणा उन्होंने सांसदों से मीटिंग के बाद शनिवार को लखनऊ में की। यानी, अब अखिलेश दिल्ली की राजनीति करेंगे। अखिलेश ने 2022 में मैनपुरी की करहल विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा था। जीत के बाद आजमगढ़ के सांसद पद से उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। आजमगढ़ में उपचुनाव हुए, उसमें भाजपा के दिनेश लाल यादव निरहुआ ने जीत दर्ज की थी। अखिलेश ने सपा के सभी जीते हुए सांसदों को शनिवार को लखनऊ बुलाया। इसमें अखिलेश समेत 37 सांसद शामिल हुए। मीटिंग में मंथन के बाद उन्होंने विधानसभा सीट छोड़ने का ऐलान किया। अखिलेश ने कहा, (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) की रणनीति की जीत होने से देश में नकारात्मक राजनीति खत्म हो गई। अब समाजवादियों की जिम्मेदारी बढ़ गई। जनता की एक-एक बात सुनें, उनके मुद्दों को उठाएं, क्योंकि जनता के मुद्दों की जीत हुई है। उन्होंने कहा- हमारे सांसदों ने चुनाव में लगातार मेहनत की, जनता के बीच रहे। यही वजह रही कि सपा ने सबसे ज्यादा सीटों पर जीत दर्ज की। सरकार और प्रशासन पर तंज करते हुए अखिलेश ने कहा- हमारे एक सांसद वह हैं, जिन्हें जीत का सर्टिफिकेट मिला। दूसरे वे हैं, जिन्हें भाजपा की धांधली की वजह से सर्टिफिकेट नहीं मिल पाया। हम दोनों सांसदों को बधाई देते हैं। उम्मीद का दौर शुरू हो चुका है। जनता के मुद्दों की जीत हुई है।

## पाकिस्तान के खिलाफ मिली जीत को पचा नहीं पा रहा हूं: सौरभ नेत्रवलकर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिका ने गुरुवार को टी20 वर्ल्ड कप 2024 में बड़ा उलटफेर किया। मेजबान टीम ने इस मैच में पाकिस्तान को सुपरओवर में हरा दिया। ये मैच टेक्सास के डलास के ग्रैंड प्रियरी स्टेडियम में खेला गया। अब इस जीत के बाद अमेरिका क्रिकेट टीम के गेंदबाज सौरभ नेत्रवलकर ने बड़ा बयान दिया है। दरअसल, सौरभ नेत्रवलकर ने कहा कि, मैं अभी भी पाकिस्तान के खिलाफ इस जीत को पचा नहीं पा रहा हूं। मैं विश्वास ही नहीं कर पा रहा हूं, कि ये क्या हो गया? ये हमारे लिए वाकई खास पल है। सबसे पहले हम इस मंच को पाने के लिए वास्तव में आभारी हैं, प्रत्येक सदस्य बहुत संघर्षों से गुजरता है इसलिए ये जीत बहुत खास है। बता दें कि, टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने 20 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 159 रन बनाए थे। कप्तान बाबर आजम ने सबसे ज्यादा 44 रन बनाए थे।

जवाब में अमेरिका की टीम भी 20 ओवर में तीन विकेट गंवाकर 159 रन बना सकी। कप्तान मोनांक पटेल ने सबसे ज्यादा 50 रन बनाए। इसके बाद मैच सुपर ओवर में पहुंचा जहां अमेरिका क्रिकेट टीम ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 की लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

## टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान पर भारी है टीम इंडिया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 का महामुकाबला 9 जून यानी रविवार को क्रिकेट जगत की दो चिर परिचित प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान के बीच खेला जाएगा। इस मुकाबले में दोनों टीमें शाम 8 बजे से नासाउ काउंटी स्टेडियम, न्यूयॉर्क में खुद को बेहतर साबित करना चाहेंगी। लेकिन उससे पहले एक नजर दोनों के हेड टू हेड रिकॉर्ड्स पर डालते हैं। 9 जून को न्यूयॉर्क में भारत और पाकिस्तान की टीमें 8वीं बार एक दूसरे के खिलाफ खेलने उतरेंगीं।

अभी तक टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में दोनों टीमें 7 बार एक दूसरे के खिलाफ खेलने उतरी हैं। हेड टू हेड रिकॉर्ड्स पर नजर डालें तो पूरी तरह से भारत अभी तक पाकिस्तान पर भारी पड़ा है। 7 मैचों में से 5 मैच भारत ने जीते हैं, जबकि 1 मैच में पाकिस्तान ने जीत दर्ज की है। तो 1 मुकाबला बेनतीजा रहा है।

## अमेरिका से हार को पाकिस्तान क्रिकेट जगत ने 'काला दिन' करार दिया

**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट जगत ने आईसीसी टी20 विश्व कप में पदार्पण कर रहे अमेरिका के हाथों शिकस्त को अप्रत्याशित करार देते हुए इसे टीम के लिए 'काला दिन' करार दिया। अमेरिका ने डलास के ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में सुपर ओवर तक चले मैच में पूर्व चैंपियन पाकिस्तान को हरा कर इस विश्व कप का सबसे बड़ा उलटफेर किया। पूर्व कप्तान यूनिस खान ने कहा कि पाकिस्तान की टीम ने इस मैच कई रणनीतिक गलतियां की, जिसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ा। यूनिस ने कहा, ''सुपर ओवर में जब बायें हाथ का गेंदबाज गेंदबाजी कर रहा था तब फखर जमां को स्ट्राइक लेनी चाहिये थी। कोई भी ऐसे बुरे दिन से सीख सकता है और मुझे उम्मीद है कि बाबर आजम और अन्य खिलाड़ी अब हर मैच को करो या करो के रूप में लेंगे।'' यूनिस के अनुसार सबसे निराशाजनक बात यह थी कि अमेरिका में पाकिस्तानी मूल के लोग बड़ी संख्या में रहते है, जो पूरे दिल से टीम का समर्थन कर रहे हैं। तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने टीम के प्रदर्शन को दयनीय बताया।

उन्होंने कहा, ''ऐसा नहीं लग रहा था कि पाकिस्तान ऐसी टीम के खिलाफ खेल रहा है जिसे शीर्ष टीमों के खिलाफ ज्यादा खेलने का मौका नहीं मिला है।'' पूर्व सलामी बल्लेबाज मोहसिन खान ने कहा कि वह पाकिस्तान क्रिकेट के भविष्य को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने कहा, ''यह सिर्फ एक हार नहीं है। यह हमारे खिलाड़ियों की मानसिक कमजोरी को दिखाता है। मुझे नहीं पता कि क्या हो रहा है लेकिन कहीं न कहीं मुझे लग रहा है कि हमारे खिलाड़ियों ने अमेरिका को कमतर आंका था।''

# न्यूजीलैंड को चारों खाने चित कर अफगानिस्तान ने तोड़े कई रिकॉर्ड, टी20 वर्ल्ड कप का बड़ा उलटफेर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 के मुकाबले में अफगानिस्तान ने न्यूलीलैंड को हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज कर ली है। इसी के साथ राशिद खान की कप्तानी वाली टीम कई रिकॉ्ड भी अपने नाम दर्ज कर लिए हैं। उन्होंने कीवी टीम को महज 75 रनों पर ढेर कर दिया और 84 रनों से जीत दर्ज कर ली। ये न्यूजीलैंड के सबसे खराब प्रदर्शन में से एक है। अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान बल्लेबाजी में कुछ खास नहीं कर सके, लेकिन उन्होंने गेदंबाजी का नेतृत्व सबसे आगे रहकर किया। स्पिन गेंदबाज ने 4 ओवरों में स्पेल में 17 रन देते हुए पूरे 4 विकेट चटका लिए। टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में किसी कप्तान द्वारा ये सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़े हैं। अफगानिस्तान ने टी20 वर्ल्ड कप में रनों के मामले में न्यूजीलैंड पर सबसे बड़ी जीत दर्ज कर बड़ा उलटफेर किया है। इससे पहले कीवी टीम को श्रीलंका ने 2014 में 59 रनों के अंतर से हराया था, लेकिन अफगानियों ने 84 रनों की बड़ी हार देकर ये रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है।




# चोटिल होने से बचे रोहित शर्मा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान के बीच 9 जून यानी रविवार को हाईवोल्टेज मुकाबला न्यूयॉर्क में खेला जाएगा। यहां की पिचें बल्लेबाजों के लिए मुसीबत बन गई है। आयरलैंड के खिलाफ मुकाबले में भारतीय कप्तान के कंधे पर चोट लगी थी, लेकिन शुक्रवार को अभ्यास के दौरान बल्लेबाजी करते हुए रोहित चोटिल होने से बाल-बाल बचे। कैंटीग पार्क में अभ्यास सत्र के दौरान भारतीय कप्तान रोहित शर्मा नेट पर बल्लेबाजी कर रहे थे। थ्रोडाउन स्पेशलिस्ट नुवान तुषारा की गेंद उनके बाएं हाथ के अंगूठे पर लगी। इस बीच, कुछ देर के लिए कप्तान अभ्यास को छोड़कर वापिस चले गए। हालांकि, वह बाद लौटे और दोबारा बल्लेबाजी की। रोहित को कुछ दिनों में ही ये दूसरी बार चोट लगी है। आयरलैंड के खिलाफ मैच में भी बल्लेबाजी करते समय उनके कंधे पर गेंद लगी थी और वह रिटायर्ड हर्ट हो गए थे। वहीं, कैंटीग पार्क में अभ्यास करने के लिए आए विराट कोहली को भी यहां कुछ परेशानियों को सामना करना पड़ा।



## टी20 वर्ल्ड कप हार के बाद केन विलियमसन का छलका दर्द

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केन विलियमसन की अगुवाई वाली न्यूजीलैंड टीम टी20 वर्ल्ड कप 2024 में बड़े उलटफेर का शिकार हो गई। न्यूजीलैंड को शनिवार को अफगानिस्तान के हाथों 84 रन से हार झेलनी पड़ी। ये टी20 वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड की रनों के हिसाब से सबसे बड़ी हार है। अफगान टीम ने गुयाना के मैदान पर 159/6 का स्कोर खड़ा किया। जवाब में न्यूजीलैंड की पारी 15.2 में 75 रन सिमट गई, जो टी20 क्रिकेट में उसका चौथा न्यूनतम स्कोर है। अफगानिस्तान के कप्तान और स्टार लेग स्पिनर राशिद खान ने चार विकेट चटकाए। पेसर फजलहक फारूकी को भी इतने ही विकेट मिले। न्यूजीलैंड के कप्तान विलियमसन का शर्मनाक हार का दर्द छलका है। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान ने हमें तीनों विभाग में पछाड़ा है। बता दें कि, मैच के बाद विलियमसन ने कहा कि, सबसे पहले अफगानिस्तान टीम को बधाई। उन्होंने हमें हर विभाग में पछाड़ा। उस स्कोर तक पहुंचने के लिए अफगानिस्तान ने अपने विकेट बचाए रखे और अच्छा स्कोर बनाया। हमें इस हार को जल्दी से भूलकर अपनी अगली चुनौती पर ध्यान देना होगा। खिलाड़ियों ने इस मैच के लिए बड़ी मेहनत की लेकिन मुश्किल का सामना करना पड़ा। हमें अब आगे बढ़ने की जरूरत है। इस टूर्नामेंट में गेम तेजी से आते हैं। 160 रन के लक्ष्य का पीछा करना मुश्किल था। हमें साझेदारी की जरूरत थी। अफगानिस्तान के स्पिनर्स के पास जो स्किल्स है, उसने हमारी राह मुश्किल बनाई। हमरी फील्डिंग निराशाजनक रही, खासकर शुरुआती 10 ओवरों में, हमारे पास मौके थे जिन्हें भुना नहीं सके। केन ने आगे कहा कि, हमें सही दिशा में कदम उठाने की जरूरत है। हम जानते हैं कि हम आज के प्रदर्शन की तुलना में बेहतर हैं। हमें आगे बढ़ना होगा और अगले मैच में उतरने के लिए खुद को बेस्ट चांस देना होगा। हमारे अपने अवसरों का लाभ नहीं उठाया और ये मैच के परिणाम को बदलने में बहुत मददगार साबित हुआ। वहीं ग्रुप सी का हिस्सा न्यूजीलैंड टीम को टूर्नामेंट में अपने दूसरे मैच में वेस्टइंडीज से भिड़ना है। ये मैच 12 जून को त्रिनिदाद के ब्रायन लारा स्टेडियम में आयोजित होगा।



## अफगानिस्तान की न्यूजीलैंड पर 84 रन से सनसनीखेज जीत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कप्तान राशिद खान और फजलहक फारूकी की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद रहमानुल्लाह गुरबाज की आक्रामक बल्लेबाजी के दम पर अफगानिस्तान ने टी20 विश्व कप ग्रुप सी के मैच में न्यूजीलैंड को 84 रन से हरा दिया। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। अफगानिस्तान ने गुरबाज और इब्राहिम जदरान के बीच पहले विकेट के लिये 103 रन की साझेदारी के दम पर छह विकेट पर 159 रन बनाये। आईपीएल चैम्पियन कोलकाता नाइट राइडर्स के लिये खेलने वाले गुरबाज ने 56 गेंद में पांच चौकों और पांच छक्कों की मदद से 80 रन बनाये। वहीं इब्राहिम 41 गेंद में 44 रन बनाकर आउट हुए। जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 15.2 ओवर में 75 रन पर आउट हो गई जो टी20 क्रिकेट में उसका चौथा न्यूनतम स्कोर है। फारूकी और राशिद दोनों ने 17 . 17 रन देकर चार . चार विकेट लिये। गुरबाज और इब्राहिम ने युगांडा पर पहले मैच में मिली 125 रन से जीत में 154 रन की साझेदारी की थी। टी20 विश्व कप में लगातार दो शतकीय साझेदारियां करने वाली यह तीसरी जोड़ी और पहली सलामी जोड़ी है। दोनों 15वें ओवर तक डटकर बल्लेबाजी करते रहे जब तक कि इब्राहिम आउट नहीं हुए। गुरबाज 20वें ओवर में पवेलियन लौटे। सीमित ओवरों के पिछले छह विश्व कप में कम से कम सेमीफाइनल तक पहुंची न्यूजीलैंड टीम खिताब के प्रबल दावेदारों में से एक मानी जा रही है। उसने हालांकि कोई अभ्यास मैच नहीं खेला और अधिकांश कीवी खिलाड़ियों ने कई दिनों से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है। उन्होंने कई कैच टपकाये, ओवरथ्रो किये और फील्डिंग में ढिलाई बरती। दस ओवर के बाद अफगानिस्तान का स्कोर बिना किसी नुकसान के 55 रन था। उसके बाद इब्राहिम और गुरबाज ने आक्रामक तेवर अख्तियार करके रनगति को तेजी से आगे बढाया और आखिरी दस ओवरों में 104 रन बने। न्यूजीलैंड के लिये सिर्फ दो ही बल्लेबाज ग्लेन फिलिप्स (18) और मैट हेनरी (12) दोहरे अंक तक पहुंच सके।

## बांग्लादेश ने रोमांचक मुकाबले में श्रीलंका को दो विकेट से हराया



**डलास (एजेंसी)।** युवा लेग स्पिनर रिशाद हुसैन के तीन विकेट और महमूदुल्लाह रियाद की संयमित पारी के दम पर बांग्लादेश ने टी20 विश्व कप के रोमांचक मुकाबले में श्रीलंका को दो विकेट से हरा दिया। डलास की अच्छी पिच पर रिशाद की गुगली और लेग ब्रेक ने श्रीलंकाई पारी की कमर तोड़ दी। रिशाद ने सात गेंद के भीतर तीन विकेट लेकर श्रीलंका को नौ विकेट पर 124 रन पर रोक दिया। उन्होंने चार ओवरों में 22 रन देकर तीन विकेट लिये। एक समय पर श्रीलंका का स्कोर 8 . 4 ओवर में दो विकेट पर 70 रन था लेकिन उसने सात विकेट 54 रन के भीतर गंवा दिये। मुस्ताफिजूर रहमान ने 17 रन देकर तीन विकेट लिये। श्रीलंका के लिये सिर्फ पाथुम निसांका ही डटकर खेल सके जिन्होंने 28 गेंद में 47 रन बनाये। धनंजय डिसिल्वा ने 21 रन की पारी खेली। जवाब में बांग्लादेश के लिये तौहीद हृदय ने 20 गेंद में चार छक्कों की मदद से 40 रन बनाये और चौथे विकेट के लिये लिटन दास (38 गेंद में 36 रन) के साथ 63 रन की साझेदारी की। नुवान तुषारा ने हालांकि 18 रन देकर चार विकेट लेते हुए श्रीलंका को मैच में लौटाया। बांग्लादेश के पांच विकेट 21 रन के भीतर गिर गए। उस समय स्कोर आठ विकेट पर 113 रन था और बांग्लादेश को जीत के लिये 12 रन की जरूरत थी। अनुभवी महमूदुल्लाह ने दासुन शनाका को 19वें ओवर में छक्का लगाया। सातवें नंबर पर उतरे महमूदुल्लाह 13 गेंद में 16 रन बनाकर नाबाद रहे। दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश से हारने के बाद ग्रुप डी से श्रीलंका के सुपर आठ में पहुंचने की संभावनायें क्षीण हो गई हैं। बांग्लादेश को अब नेपाल और नीदरलैंड से खेलना है।

# आत्मविश्वास से लबरेज भारत और हार से बेजार पाकिस्तान के मुकाबले में पिच पर नजरें

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** आत्मविश्वास से ओतप्रोत और हालात के अनुकूल ढल चुकी भारतीय टीम नासाउ काउंटी की पेचीदा पिच पर टी20 विश्व कप के बहुचर्चित मुकाबले में रविवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगी जिसका मनोबल पहले ही मैच में मिली अप्रत्याशित हार ने तोड़ दिया है। टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा भीड़ खींचने वाला मुकाबला 34000 दर्शक क्षमता वाले नासाउ काउंटी इंटरनेशनल स्टेडियम पर खेला जायेगा। इस मैदान की पिच लगातार चर्चा का विषय बनी हुई है। इसकी भारी आलोचना के बाद आईसीसी ने आधिकारिक रूप से इसे स्वीकार किया। अब तक इस स्टेडियम पर हुए तीन मैचों की छह पारियों में दो बार ही टीमें सौ रन के पार पहुंच सकी है। पूर्व क्रिकेटरों को तो यह भी लगता है कि कम स्कोर वाले मैचों से कैसे अमेरिकी बाजार में क्रिकेट का प्रचार प्रसार किया जायेगा। एडीलेड ओवल के मैदानकर्मी डेमियन हाउज के मार्गदर्शन में अप्रैल में यहां चार 'ड्रॉप इन' पिचें बिछाई गई जो अभी तक जम नहीं पाई हैं। पिच से मिल रहा असमान उछाल बल्लेबाजों की सुरक्षा पर सवालिया ऊंगली उठा रहा है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को आयरलैंड के खिलाफ मैच में कंधे में चोट लगी थी जिससे उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। रोहित ने



मैच के बाद कहा था ,'' ईमानदारी से कहूं तो मुझे नहीं पता कि पिच से क्या अपेक्षा की जाये। हम हालात के अनुरूप तैयारी करेंगे। पाकिस्तान के खिलाफ मैच में हर खिलाड़ी को योगदान देना होगा।'' भारत के मैच के एक दिन बाद आईसीसी को पिच को लेकर तमाम आशंकाओं के निवारण के लिये बयान जारी करना पड़ा। पाकिस्तान टीम ने अभी तक नासाउ स्टेडियम पर खेला नहीं है। पहले मैच में अमेरिका से हारने वाली पाकिस्तानी टीम बृहस्पतिवार की रात ही यहां पहुंची है। उन्हें हालात के अनुरूप ढलने का मौका नहीं मिल सका है जिसका उन्हें नुकसान हो सकता है। भारत से हारने पर सुपर आठ चरण में उसके प्रवेश की राह लगभग असंभव हो जायेगी। आयरलैंड के खिलाफ भारत ने बायें हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को नहीं उतारा और एक अतिरिक्त विशेषज्ञ तेज गेंदबाज को जगह दी गई। पाकिस्तान के खिलाफ भी यही संयोजन रहने की उम्मीद है क्योंकि मैच ऐसी टर्फ पर खेला जायेगा जो नयी है। दक्षिण अफ्रीका और नीदरलैंड अलग टर्फ पर आठ जून को खेल रहे हैं। कुलदीप के मौजूदा फॉर्म और पाकिस्तानी बल्लेबाजों खासकर बाबर आजम के खिलाफ उनकी उपयोगिता को देखते हुए उन्हें उतारा जा सकता है। ऐसे में अक्षर पटेल या रविंद्र जडेजा में से एक को बाहर रहना होगा। बल्लेबाजी में रोहित और विराट कोहली पारी का आगाज करेंगे जबकि ऋषभ पंत तीसरे नंबर पर उतरेंगे। दूसरी ओर पाकिस्तान के सामने बड़ी चुनौती पहले मैच में मिली हार को भुलाने की है। अमेरिका के खिलाफ पहले मैच में सुपर ओवर में मिली हार ने एक बार फिर साबित कर दिया कि पाकिस्तान टीम इतनी अप्रत्याशित क्यो मानी जाती है। बाबर ने हार का ठीकरा गेंदबाजों पर फोड़ा लेकिन यह नहीं भूलना चाहिये कि बल्लेबाजों ने भी निराश किया। खुद बाबर ने 44 रन बनाने के लिये 43 गेंद खेल डाली। वैसे तेज गेंदबाजों की मददगार पिच पर शाहीन शाह अफरीदी की अगुवाई में पाकिस्तान का तेज आक्रमण कहर बरपाने का दम रखता है बशर्ते वे अपनी क्षमता के साथ न्याय करें। टूर्नामेंट की शुरूआत में आईएसआईएस से मिली आतंकी धमकी के बाद मैच की सुरक्षा के चाक चौबंद उपाय किये गए हैं। नासाउ काउंटी के पुलिस कमिश्नर पैट्रिक राइडर ने हाल ही में सुरक्षा इंतजामात की जानकारी दी थी। उन्होंने कहा था ,'' भारत पाकिस्तान मैच के लिये सुरक्षा इंतजाम उसी तरह के हैं जब कुछ साल पहले तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा के स्वागत के लिये किये गए थे।''

# चित्रकूट में ग्रामीणों ने पुलिस टीम पर किया हमला

## जन्मदिन पार्टी में आधी रात के समय डीजे बजा रहे थे लोग, थाना प्रभारी समेत 6 लोग घायल

**मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट निप्र।** चित्रकूट में जन्मदिन पार्टी में आधी रात के समय डीजे बजाने की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने जब रोकना चाहा तो वहां मौजूद परिजनों व उनके रिश्तेदारों ने लामबंद होकर पुलिस टीम पर हमला बोल दिया। पत्थरबाजी करते हुए खदेड़ लिया। कुछ ही देर में थाना प्रभारी समेत कई पुलिस टीमें मौके पर पहुंची। जिनके साथ लामबंद लोगों ने मारपीट करते हुए जानलेवा हमला बोला। पीआरवी सिपाही की पिस्टल भी छीनने का प्रयास किया गया। हमले में थाना प्रभारी समेत छह पुलिसकर्मियों को चोटें आई है। सूचना पाकर कई थानों के पुलिसफोर्स के साथ एसपी अरुण सिंह मौके पर पहुंचे। पीआरवी सिपाही की तहरीर पर पुलिस ने 18 नामजद व 15 से 20 अज्ञात के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। जिनमें 13 हमलावर गिरफ्तार कर लिए गए है।






**जन्मदिन पार्टी में बजाया जा रहा था डीजे:** घटना भरतकूप थाना क्षेत्र के रौली कल्याणपुर गांव की है। यहां शुक्रवार की देर रात करीब साढ़े ग्यारह बजे पीआरवी टीम को फोन के जरिए सूचना मिली थी कि रौली कल्याणपुर गांव में वजनी मोड के सामने कुछ लोग डीजे बजा रहे है। जानकारी मिलने पर पीआरवी आरक्षी राहुल कुमार व रामकरन बाइक से मौके पर पहुंचे। वहां जानकारी हुई कि फूलचंद्र वर्मा के घर पर जन्मदिन पार्टी में डीजे बजाया जा रहा है। जिसकी वजह से आसपास रहने वाले लोगों को परेशानी हो रही है। पीआरवी ने मना किया तो बहां पर मौजूद पुरुष व महिलाएं पुलिसकर्मियों के साथ अभद्रता करते हुए गाली गलौज करने लगे और हमला कर पीआरवी आरक्षी राहुल कुमार का पिस्टल छीनने का प्रयास किया।

**ग्रामीणों ने मारपीट करना शुरू कर दिया:** आरक्षी ने बचाव करते हुए पीछे हटकर दूरी बनाई और घटना की जानकारी देने के लिए अपना मोबाइल निकाला। तभी ग्रामीणों ने मारपीट करना शुरू कर दिया। किसी प्रकार दो सिपाहियों ने भागकर जान बचाई और थाना प्रभारी भरतकूप प्रवीण सिंह को अवगत कराया। कुछ ही देर में थाना प्रभारी समेत पुलिस की गई टीमें पहुंच गई। पुलिस ने हमलावरों को समझाने का प्रयास किया, फिर भी वह नहीं माने और डीजे तेज आवाज में बजाने लगे।

इसके बाद हमलावरों ने फिर पुलिसकर्मियों पर हमला किया और लाठी, डंडे, कुल्हाड़ी, सब्बल, लोहे की सरिया आदि से मारपीट करने लगे। पुलिस के ऊपर पत्थर भी बरसाए। पत्थर लगने से पुलिस की गाडियां भी क्षतिग्रस्त हो गई। कुछ ही देर में सीओ सिटी राजकमल मौके पर पहुंचे। इसके बाद एसपी अरुण सिंह व एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी भी पहुंच गए। एसपी ने आसपास के कई थानों व चौकियों का पुलिस फोर्स बुलाया। किसी तरह स्थिति को संभाला गया। इसी बीच हमलावर मौके से भाग निकले।

**इन हमलावरों के खिलाफ पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट:** भरतकूप थाने में पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इनमें मनोज कुमार निवासी मनकी पुरवा मजरा जमालपुर जिला बांदा, सर्वेश निवासी महोखर बाईपास थाना देहात कोतवाली जमालपुर जनपद बांदा, नीरज, रोहित निवासी मनकी पुरवा थाना जमालपुर बांदा, सूरज निवासी मनीपुर थाना गिरवां बांदा, इंदू प्रसाद निवासी रौली कल्यानपुर, सुशील, मन्नू, उमाशंकर उर्फ कल्लू निवासी रौली कल्यानपुर, महेश, लल्लू, नीलम पत्नी उमाशंकर निवासी रौली, राजरानी पत्नी इन्द्रभवन निवासी मनीपुर थाना गिरवां बांदा, पान कुमारी पत्नी महेश निवासी लुहिया, सुल्ता पत्नी फूलचन्द निवासी रौली, साधना पत्नी सोनू, संतोषी पत्नी महेन्द्र, कंचन पत्नी सुशील निवासी रौली थाना भरतकूप नामजद के अलावा 15-20 लोग अजात शामिल है।

**हमलावरों के खिलाफ इन धाराओं में दर्ज हुआ मुकदमा:** पुलिस ने पीआरवी आरक्षी की तहरीर पर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने, पुलिस फोर्स पर प्राण घातक हमला, मारपीट, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी देने, सरकारी वाहन में तोडफोड व सरकारी अधिकारी की वर्दी फाडना व मारपीट कर पैसा व घडी छीन लेने का मुकदमा दर्ज किया गया है। हमलावरों पर धारा 147, 148, 149, 353, 332, 307, 323, 504, 506, 427, 394 आईपीसी व 7 क्रमिनल लॉ एक्ट लगाया गया है। हमले में थाना प्रभारी समेत छह पुलिसकर्मी घायल हुए है। जिसमें थाना प्रभारी व एक सिपाही को सीएचसी शिवरामपुर से जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

**थाना प्रभारी की वर्दी फाड़ी, सिपाही के पैसे और घड़ी छीना:** हमले के दौरान हालत यह रही कि इलाके में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया। लामबंद हमलावरों ने थाना प्रभारी की वर्दी फाड़ डाली और सोल्डर बैज को नोच डाला। इसी बीच थाना प्रभारी का बचाव कर रहे सिपाही सतीश यादव के साथ मारपीट करते हुए उनके जेब से 5300 रुपये व डिजिटल कलाई घड़ी छीन लिया। करीब दो घंटे तक तनावपूर्ण स्थिति बनी रही। लोग अपने-अपने घरों में छिपे रहे। हमले में थाना प्रभारी प्रवीण सिंह के अलावा सिपाही राहुल कुमार, सतीश यादव, दीपिका, शिखा उटगेरकर व नरेन्द्र सिंह घायल हुए है। जिनको सीएचसी शिवरामपुर ले जाया गया।

**फूलचंद ने कहा - जबरन फंसा रही है पुलिस:** जिस घर में बर्थडे पार्टी थी वहां डीजे नहीं बज रहा था दो छोटे बक्से लगाए गए थे। फूलचंद ने कहा कि पुलिस जबरन हमारे घर घुसाई। पुलिस ने कहा कि डीजे बजा रहे हो इसे बंद करो हम इतनी दूर से आए हैं तो हमारा खर्च भी दो जब पैसा देने से इनकार कर दिया तो पुलिस वाले लेडीजों से बदतमीजी करना शुरू कर दी। उन्होंने कहा कि पुलिस हमको जबरन फंसा रही है हमारी कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

# टीसी नहीं दी तो पिता ने कलेक्टर से शिकायत की

## स्कूल संचालक को नोटिस, 3 दिन में जवाब मांगा



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** मैहर के एक स्कूल में पढ़ने वाले छात्र की टीसी जारी न होने का मामला कलेक्टर तक जा पहुंच गया। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी मैहर रानी बाटड ने सेंट्रल एकेडमी विद्यालय हरनामपुर के संचालक को छात्र की टीसी जारी न करने के मामले में नोटिस थमाया है। नोटिस का जवाब स्पष्टीकरण के साथ 3 दिवस के अंदर तलब किया गया है।

कलेक्टर ने विद्यालय के संचालक को जारी नोटिस में कहा कि आपके विद्यालय में अध्ययन रत छात्र अंशुमान शुक्ला के पिता अनंत कुमार शुक्ला ने छात्र के अन्यत्र विद्यालय में प्रवेश के संबंध में विद्यालय प्रबंधन से टीसी की मांग के लिए आवेदन किया था। जिस पर विद्यालय प्रबंधन ने आवेदनकर्ता को टीसी प्रदान नहीं की। साथ ही आवेदनकर्ता ने विद्यार्थी की शेष फीस का भुगतान करने के लिये चेक भी प्रदान किया था जिसे विद्यालय प्रबंधन ने स्वीकार नहीं किया।

जिसके कारण अंनत कुमार शुक्ला ने कलेक्टर कार्यालय मैहर को आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि बकाया फीस की राशि चेक के माध्यम से जमा की जा रही है, लेकिन विद्यालय द्वारा फीस नहीं ली जा रही है और न ही टीसी दी जा रही है। छात्र की फीस जमा न होने से अलग कमरे में बंद कर दिया जाता है। शिकायतकर्ता के आवेदन पर कार्रवाई कर विद्यालय के संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए तीन दिवस में स्पष्टीकरण के साथ जवाब प्रस्तुत करने को कहा गया है।

# आज 6 घंटे गुल रहेगी बिजली

## लाइन के मेंटेनेंस के लिए कटौती का शेड्यूल जारी, जानिए- कहां बाधित रहेगी सप्लाई



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** भीषण गर्मी के बीच बिजली की आंख मिचौली से परेशान शहर की जनता के लिए रविवार की छुट्टी का दिन भारी गुजरने वाला है। रविवार को शहर में 6 घंटे की बिजली कटौती का शेड्यूल बिजली कंपनी ने जारी किया है। लेकिन मौजूदा स्थितियों को देखते हुए आशंका जताई जा रही है कि कटौती 6 घंटे से भी अधिक समय की हो सकती है।

पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी सतना शहर संभाग के सहायक अभियंता ने बताया कि रविवार 9 जून को शहर की विद्युत लाइन में मेंटेनेंस का काम किया जाना है, जिसके चलते सुबह 6 से दोपहर 12 बजे तक कई क्षेत्रों में सप्लाई बंद रहेगी।

सहायक अभियंता ने बताया कि रविवार को 33/ 11 केवी उपकेंद्र कोलगवा उपकेंद्र मे खराब टब्ठ बदली जाना है जबकि सुभाष पार्क फीडर मे टूटे खंभे भी बदले जाने हैं। इसी दौरान पतेरी नॉर्थ फीडर मे विराट नगर मे भी विद्युत लाइन का सुधार कार्य किया जाना है, जिसके चलते सुबह 6 बजे से 12 बजे तक रीवा रोड, भरहुत नगर, शिव कॉलोनी, घूरडांग, सिद्धार्थ नगर, बैंक कालोनी, बांधवगढ़ कॉलोनी, बिरला रोड, सिंधी कैम्प, कोलगवां, चाणक्यपुरी कालोनी, औद्योगिक क्षेत्र, पतेरी, उमरी, विराट नगर, मंदाकिनी विहार, अस्पताल चौक, जिला अस्पताल, मुख्य बाजार, स्टेशन रोड, पन्नी लाल चौक, गांधी चौक आदि क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

# कलेक्टर मैहर के निर्देश पर मलियान तालाब से हटाया गया अतिक्रमण



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** राज्य शासन द्वारा जल संरचानाओं के संरक्षण और संवर्धन के लिये शुरु किये गये जल गंगा अभियान के माध्यम से परंपरागत जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने के लिए साफ-सफाई तथा जीर्णोद्धार का काम किया जा रहा है। इसके साथ-साथ वर्षों से तालाब की जमीन पर किये अतिक्रमण को भी हटाने की कार्यवाही प्रशासन द्वारा की जा रही है। मैहर जिले में शनिवार को जल गंगा अभियान की गतिविधियों का संचालित करने में बाधक बन रहे मलियान तालाब के अतिक्रमण को कलेक्टर मैहर रानी बाटड के निर्देश पर हटा दिया गया। अतिक्रमण हटने के बाद तालाब की सफाई का अभियान चलाया गया। अभियान के तहत जनसहयोग से तालाब में जमा कचरे, गाद का निकालकर तालाब को स्वच्छ किया गया। सफाई कार्य में सीएमओ लालजी ताम्रकार, संतोष सोनी, समाजेसवी एवं स्थानीय जनों ने श्रमदान में सहयोग किया।

# सड़क हादसे में महिला समेत दो की मौत

## बाइकों में आमने-सामने हुई थी भिड़ंत, घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** रामपुर बघेलान और अमरपाटन थाना क्षेत्र में अलग-अलग सड़क हादसों में महिला समेत 2 लोगों की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, रामपुर बघेलान थाना अंतर्गत अमरपाटन मार्ग पर अहिरगांव मोड़ के पास शनिवार की दोपहर दो बाइकों के बीच आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इस हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। टक्कर इतनी तेज थी कि महिला बाइक से उछलकर सड़क से नीचे जा गिरी। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भेजा।





उधर, अमरपाटन थाना क्षेत्र में लालपुर के पास शनिवार की दोपहर एक तेज रफ्तार बाइक बेकाबू हो कर पेड़ से जा टकराई। इस हादसे में बाइक चला रहे राकेश कोल की मौत हो गई जबकि उसके साथ बाइक पर सवार रहा अज्जू कोल नाम का लड़का घायल हो गया। बताया जाता है कि राकेश और अज्जू बाइक पर सवार हो कर ग्राम सरबका से बींदा जा रहे थे। लालपुर के समीप यह हादसा हो गया।

स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची अमरपाटन थाना पुलिस दोनों को अस्पताल ले आई थी जहां डॉक्टरों ने राकेश को मृत घोषित कर दिया। नाबालिग अज्जू का इलाज चल रहा है।

# मेरिट के आधार पर शासकीय आदिवासी कन्या परिसर सोहावल में मिलेगा प्रवेश

**सतना निप्र।** जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग सतना ने बताया कि शासकीय आदिवासी कन्या शिक्षा परिसर सोहावल में सत्र वर्ष 2024-25 में कक्षा 7वीं, 8वीं, 9वीं एवं कक्षा 11वीं में संस्था स्तर से परीक्षा एवं मेरिट क्रम के आधार पर प्रवेश की कार्यवाही की जायेगी। संस्था में प्रवेश पाने वाली बालिकाओं के लिये एक ही परिसर में शैक्षणिक सुविधा के अतिरिक्त आवासीय सुविधा भी उपलब्ध है। इसके अलावा यूनीफॉर्म, पाठ्य एवं लेखन सामग्री के साथ-साथ भोजन एवं खेल की भी सुविधा उपलब्ध है। जिला संयोजक ने बताया कि कन्या शिक्षा परिसर में प्रवेश लेने के लिये इच्छुक अनुसूचित जनजाति वर्ग की बालिकायें आवेदन पत्र कार्यालयीन समय में प्राप्त कर सकती है। संस्था में प्रवेश के लिये प्रोफाइल का होना अनिवार्य है। अनुसूचित जनजाति वर्ग के अतिरिक्त अन्य वर्ग की पितृविहीन, मातृविहीन बालिकाओं को भी प्रवेश दिया जायेगा।

## रीवा की महिला ने मंत्री के पूर्व ओएसडी को रेप में फंसाने की दी धमकी

# 2 करोड़ रुपये की डिमांड, भोपाल से गिरफ्तार

**मीडिया ऑडीटर, रीवा निप्र।** मध्यप्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट के ओएसडी रहे डॉ. जीवन रजक को रेप केस में फंसाने की धमकी मिली है। धमकाने वाली महिला खुद को पत्रकार बताते हुए 2 करोड़ रुपए की मांग की है। मंत्रालय के पीएचई विभाग में अवर सचिव के पद पर पदस्थ डॉ. रजक ने शुक्रवार रात हबीबगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने पुलिस को बताया कि, 7 जुलाई 2023 से महिला उन्हें धमकाती आ रही है। खुद को वह पत्रकार बताकर उनसे ऑफिस में मिली थी। बाद में वह अपनी मर्जी का काम करने के लिए दबाव डालने लगी। रेप के झूठे केस में फंसने की धमकी देने लगी। आए दिन महिला उनके शिवाजी नगर स्थित घर पहुंच जाती और शोर मचाकर बदनाम करने की धमकी देती है।रीवा की रहने वाली है महिलाएसीपी मयूर खंडेलवाल के मुताबिक आरोपी महिला इससे पहले रीवा में करीब 32 लोगों पर इसी तरह के केस दर्ज करा चुकी है। जिस पर कोर्ट ने सभी मामलों को संदिग्ध मानते हुए एक साथ सभी 32 केस में खात्मा कर दिया था।

# रीवा में थाने के अंदर पुलिस की शराबखोरी

## नशे में बनाया खुद का वीडियो, वायरल होने पर दोनों हुए लाइन अटैच



**मीडिया ऑडीटर, रीवा निप्र।** पुलिस आये दिन सुर्खियों में रहती है। इस बार थाने में शराबखोरी को लेकर चर्चा में है। दो प्रधान आरक्षकों का थाने में बैठकर शराब पीने का वीडियो सामने आया है। जिसके बाद एसपी ने दोनों प्रधान आरक्षकों को लाइन अटैच कर दिया है। बताया जा रहा है कि शराब पार्टी का यह वीडिओ सप्ताहभर पहले का है, जो शुक्रवार रात से वायरल हो रहा है।जानकारी के मुताबिक प्रधान आरक्षक उमेश मिश्रा और सुनील सिंह सेंगर ने रीवा जिले के रायपुर कर्चुलियान थाने के अंदर बैठकर शराब पार्टी की थी। इस दौरान शराब के नशे में दोनों ने खुद का वीडिओ बनाया था। जिसके बाद दोनों प्रधान आरक्षकों ने अपने परिचित पुलिसकर्मियों को यह वीडियो भेजा था। जो शुक्रवार को शहर में वायरल होने लगा। वीडियो सामने आने के बाद मामले में संज्ञान लेते हुए एसपी विवेक सिंह ने प्रधान आरक्षक उमेश मिश्रा और सुनील सिंह सेंगर को लाइन अटैच कर दिया है। पुलिस ने वीडियो की जांच करवाई, जिसमें पाया गया कि शराब पीने के दौरान दोनों ही प्रधान आरक्षक वर्दी पहने हुए थे। जिसकी वजह से पुलिस विभाग की छवि धूमिल हुई है। वीडियो में दोनों पुलिसकर्मी वर्दी में झूमते हुए दिख रहे हैं। साथ ही एक-दूसरे से शराब पीने को बोल रहे है।रीवा एसपी विवेक सिंह का कहना है कि वर्दी में इस प्रकार के कृत्य अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। दोनों पर कार्रवाई करते हुए लाइन अटैच कर दिया गया है।

# जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिये सभी नागरिक आयें आगे : राज्यमंत्री

## राज्यमंत्री ने अमौधा तालाब में आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान कार्यक्रम को किया संबोधित

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने कहा कि प्रदेश में जल स्त्रोत के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु ﬖजल-गंगा संवर्धनﬖ अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिये सभी नागरिकों को आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन के लिए सभी नागरिकों को एकजुट होकर समन्वित प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमारे आसपास में जो तालाब हैं, वह हमारे पूर्वजों के समय जल से लबालब भरे रहते थे, परंतु अब स्थिति ऐसी है कि तालाबों का पानी गर्मी से पहले ही सूख जाता है। हमें तालाब को सहेजने की आवश्यकता है, जिससे हमें पर्याप्त मात्रा में पानी प्राप्त हो सके। हम सभी को मिलकर प्रयत्न करना होगा कि तालाबों में पानी हमेशा भरा रहे, यह अभियान का महत्वपूर्ण उद्देश्य है। नगरीय विकास राज्यमंत्री प्रतिमा ने जल स्त्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए चलाये जा रहे जल-गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत शनिवार को सतना के अमौधा तालाब में आयोजित सफाई कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर महापौर सतना योगेश ताम्रकार, कलेक्टर अनुराग वर्मा, स्पीकर नगर निगम राजेश चतुर्वेदी, आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, उपायुक्त भूपेंद्र देव परमार सहित वार्ड पार्षद एवं स्थानीयजन उपस्थित रहे।



जल गंगा अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने कहा कि जो हमारे चारों ओर फलदार पेड़ हैं, वह हमारे पुरखों ने लगाए थे और उसका फल आज हम प्राप्त कर रहे हैं। इसी प्रकार हम ऐसा कार्य करें जिसका लाभ हमारी आने वाली पीढ़ी को प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि नदी और तालाब हमारे सुख-दुख के साथी हैं। घर में चाहे सुख का कार्य हो, या दुख का कार्य हो, हमेशा तालाब और वृक्ष के बिना कोई भी कार्य पूर्ण नहीं होता है। जल एवं वृक्ष हमारे सामाजिक ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक धरोहर है, इनका संरक्षण हमारा परम कर्तव्य है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर योगेश ताम्रकार ने कहा कि मानव प्रजाति ने जल एवं जंगल जैसे प्राकृतिक संसाधनों को इतना दोहन किया है कि आज इतनी भीषण गर्मी का परिणाम हम सबको भुगतना पड़ रहा है। हम सभी को जल और जंगल के प्रति जागरूक होना पड़ेगा, क्योंकि यह हमारे सुख एवं दु:ख के साथी हैं। इन्हीं संसाधनों से हमारा आज और कल का भविष्य जुड़ा हुआ है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी नागरिक शासन के इस महत्वपूर्ण अभियान से जुड़े। अभियान में अपनी सहभागिता निभाते हुये जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

कलेक्टर अनुराग वर्मा ने कहा कि जल है तो कल है, जल है तो जीवन है। प्रदेश शासन द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण एवं संवर्धन का महत्वपूर्ण प्रयास किया जा रहा है। इस अभियान में हम सभी की भागीदारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नदियां देश एवं प्रदेश की जीवन दायनी नदियां है। नदियों में जल हमेशा कल कल बहता रहे, इसलिए नदियों को भी साफ एवं स्वच्छ रखना हमारी जिम्मेदारी है।

**पर्यावरण संरक्षण के लिये पेंड़ भी हैं जरुरी- राज्यमंत्री:** जल गंगा अभियान के तहत अमौधा तालाब की साफ-सफाई के बाद तालाब परिसर में पौधारोपण भी किया गया। राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने कहा कि पर्यावरण दिवस पर शुरू किए गए जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्रदेश भर में जल-स्रोतों के संरक्षण और साफ-सफाई के साथ-साथ व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण किया जा रहा है। जीवन के लिये जितना जरुरी जल है, उतने ही जरुरी पेंड़ हैं। हर व्यक्ति को अपने जीवन में पेड़ लगाने चाहिये, उन पेड़ों की परवरिश अपने बच्चों की तरह करें। उन्होंने कहा कि सभी यह संकल्प लें कि हम पेड़ अवश्य लगायेंगे। पेड़ नहीं लगायेंगे तो यह भूमि रेगिस्तान बनती जायेगी। उन्होंने कहा कि पेड़ लगे होंगे तो बरसात भी होगी और हरियाली भी रहेगी। तालाब परिसर में महापौर योगेश ताम्रकार, कलेक्टर अनुराग वर्मा ने पौधे रोपित किये।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।